● वर्ष 05 ● अंक 529 ● पृष्ठ 6 ● मूल्य : 2 रुपये ● देवघर, रविवार 14 सितम्बर, 2025
www.republicnationnews.com.in E-mail : republicnationdesk@gmail.com

REPUBLIC NATION

# रिपब्लिक नेशन

हिन्दी समाचार-पत्र

सच्चाई की जड़ तक पहुंचता आपका अपना मत



A Unit of AB MASS MEDIA PVT. LTD.
● संपादक : अनिता कुमारी ● प्रधान संपादक : वरुण कुमार
+91 7004248229

## भारत में महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है : सिंधिया



■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक परिवर्तन का वाहक बनकर उभरा है।

**मुरैना/भाषा।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया के उन गिने-चुने देशों में शामिल है जहां महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने इसे क्रांतिकारी बदलाव का संकेत बताया।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों में महिला पायलट अपेक्षाकृत कम हैं, वहीं भारत में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। वह यहां एक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन की आधारशिला रखने और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 38 लड़कियों को पासबुक वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

आगामी डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि मुरैना और श्योपुर ज़िलों के साथ-साथ पड़ोसी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के निवासियों को पहले पासपोर्ट सेवाओं के लिए ग्वालियर, गुना, भोपाल या दिल्ली जाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा मुरैना में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा,''30 लाख रुपये की लागत से बनने वाला प्रस्तावित भवन मुरैना लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करेगा। प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने का निर्णय नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक परिवर्तन का वाहक बनकर उभरा है। सुकन्या समृद्धि योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा इन योजनाओं ने वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाया है।''

## 'वोट बैंक' की राजनीति के कारण पूर्वोत्तर को भारी नुकसान उठाना पड़ा : मोदी



■ मिजोरम पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने 9,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की

**आइजोल/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर को 'वोट बैंक' की राजनीति के कारण पहले भारी नुकसान उठाना पड़ा, लेकिन केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार के प्रयासों से क्षेत्र अब देश के विकास के इंजन में तब्दील हो रहा है।

साल 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद दूसरी बार मिजोरम पहुंचे मोदी ने 9,000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की और आइजोल के पास लेंगपुई हवाई अड्डे से एक जनसभा को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया, क्योंकि भारी बारिश के कारण वह शहर के बीचोंबीच स्थित कार्यक्रम स्थल लामुआल मैदान नहीं जा पाए।

मोदी ने आइजोल और दिल्ली के बीच पहली राजधानी एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रेल, राजमार्ग, ऊर्जा और खेल अवसंरचना को बढ़ावा देने वाली विभिन्न परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे देश में कुछ राजनीतिक दल लंबे समय से 'वोट बैंक' की राजनीति करते आए हैं। उनका ध्यान हमेशा उन जगहों पर रहा, जहां ज्यादा वोट और सीट थीं। मिजोरम सहित पूरे पूर्वोत्तर को इस रवैये के कारण बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा, लेकिन हमारा नजरिया बिल्कुल अलग है। जो पहले उपेक्षित थे, वे अब सबसे आगे हैं। जो पहले हाशिये पर थे, वे अब मुख्यधारा में हैं। हम पिछले 11 वर्षों से पूर्वोत्तर के विकास के लिए काम कर रहे हैं और यह क्षेत्र भारत के विकास का इंजन बन रहा है।

मोदी ने कहा कि मिजोरम केंद्र सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है और कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट परियोजना तथा रेल लाइन राज्य को दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ेंगी।

प्रधानमंत्री ने 8,070 करोड़ रुपए की लागत वाली बैराबी-सैरंग लाइन की शुरुआत की, जिससे चारों तरफ से भूमि से घिरा मिजोरम देश के रेल नेटवर्क से पूरी तरह से एकीकृत हो गया। उन्होंने कहा कि यह मिजोरम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि 51.38 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन राज्य की राजधानी आइजोल को प्रमुख महानगरों से जोड़ेगी।

मोदी ने कहा कि विभिन्न चुनौतियों और दुर्गम इलाकों को पार करते हुए क्रियान्वित की गई यह परियोजना राज्य के लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी तथा परिवहन के लिए जीवन रेखा साबित होगी।

प्रधानमंत्री ने आइजोल को दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से जोड़ने वाली तीन नई एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा, यह सिर्फ रेल कनेक्टिविटी नहीं है, बल्कि बदलाव की जीवन रेखा है। मिजोरम के किसान और व्यवसाय देशभर में अधिक बाजारों तक पहुंच स्थापित कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हासन दुर्घटना में मृतक संख्या बढ़कर 10 हुई

**बेंगलूरु/हासन/भाषा।** कर्नाटक के हासन जिले के एक गांव में गणेश विसर्जन यात्रा में एक ट्रक के घुस जाने से हुई दुर्घटना में मरने वालों की संख्या शनिवार को बढ़कर 10 हो गई। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने दी। यह हादसा शुक्रवार रात अरकलागुडु तालुक के मोसाले होसाहल्ली गांव में गणेश मूर्ति के विसर्जन यात्रा के दौरान हुआ था। पुलिस के अनुसार, एक मोटरसाइकिल सवार अचानक ट्रक के सामने आ गया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना से बचने के लिए, चालक ने ट्रक को मोड़ने की कोशिश की और इस दौरान वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया।

### रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप

**मॉस्को/एपी।** रूस के कामचातका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास शनिवार तड़के 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। अमेरिकी भूविज्ञान सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने यह जानकारी दी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की से 111.7 किलोमीटर पूर्व में और जमीन में 39 किलोमीटर की गहराई पर था। किसी तरह के जान माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं मिली है। प्रशांत सुनामी चेतावनी प्रणाली ने संक्षेप में कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा है, लेकिन बाद में अपनी वेबसाइट से इस खतरे को हटा दिया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि तटीय क्षेत्रों में समुद्र के स्तर में मामूली बदलाव के बारे में चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन इसका मतलब है कि नुकसान की संभावना बहुत कम है। रूस के कामचातका प्रायद्वीप में 20 जुलाई, 2025 को पांच शक्तिशाली भूकंप आए थे जिसमें से एक की तीव्रता 7.4 मापी गई थी।

### टीटीपी के कम से कम 35 आतंकवादी मारे गए : पाकिस्तान की सेना

**पेशावर/भाषा।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से कथित तौर पर जुड़े कम से कम 35 आतंकवादी मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि दोनों अभियानों में आतंकवादियों से लड़ाई में 12 सैनिकों ने भी अपनी जान गंवाई। आईएसपीआर के मुताबिक, ये अभियान पिछले चार दिन में चलाए गए।

## सुविचार

'' ज़िन्दगी के हाथ नहीं होते.. लेकिन कभी कभी वो ऐसा थप्पड़ मारती हैं जो पूरी उम्र याद रहता हैं.''

## बिजनेस

**बीएसई सेंसेक्स**

81,548.73123.58 (0.15%)

**निफ्टी**

25,005.50 32.40 (0.13%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | अष्टमी | 27:07 तक |
| नक्षत्र | रोहिणी | 08:40 तक |
| प्रथम करण | बालवा | 16:05 तक |
| द्वितीय करण | कौवाला | 27:07 तक |
| पक्ष | कृष्ण | |
| वार | रविवार | |
| योग | वज्र | 07:31 तक |
| सूर्योदय | 06:06 | |
| सूर्यास्त | 18:19 | |
| चंद्रमा | वृषभ | |
| राहुकाल | 16:48 - 18:19 | |
| विक्रमी संवत | 2082 | |
| शक संवत | 1947 | विश्वावसु |
| मास | अश्विन | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 11:48 - 12:37 |

### वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025:

## उच्चतम न्यायालय कल अंतरिम आदेश सुनाएगा



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय 15 सितंबर को तीन प्रमुख मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुनाएगा, जिसमें ''अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ'' घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। ये बिंदु वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सामने आये थे। प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वक्फ मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद 22 मई को इन मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था।

उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई 15 सितंबर की वाद सूची के अनुसार, अदालत इस मामले में अपना आदेश सुनाएगी। अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले, पीठ ने संशोधित वक्फ कानून को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं के वकीलों और केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें लगातार तीन दिनों तक सुनी थीं। पीठ ने पहले उन तीन मुद्दों की पहचान की थी, जिन पर याचिकाकर्ताओं ने अंतरिम आदेश के जरिये रोक लगाने का अनुरोध किया था। अधिसूचना रद्द करने के मुद्दे के अलावा, याचिकाकर्ताओं ने राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना पर भी सवाल उठाए हैं, उनका तर्क है कि बोर्ड और परिषद में केवल मुसलमानों को ही शामिल किया जाना चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार, जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करता है कि संपत्ति सरकारी है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा।



## जीआरएसई ने नौसेना को पनडुब्बी रोधी दूसरा युद्धक पोत सौंपा

**कोलकाता/भाषा।** रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम 'गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स' (जीआरएसई) लिमिटेड ने शनिवार को भारतीय नौसेना को एक पनडुब्बी रोधी उथले पानी का युद्धक जहाज सौंपा। यह देश की नौसेना के लिए शिपयार्ड द्वारा बनाए जा रहे आठ ऐसे पोतों की श्रृंखला में दूसरा पोत है।

जीआरएसई के एक अधिकारी ने बताया कि 'एंड्रोथ' नामक इस पोत की आपूर्ति इस श्रृंखला के पहले युद्धपोत अर्नाला को 18 जून को नौसेना में शामिल किए जाने के ठीक चार महीने बाद हुई है, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा मजबूत हुई है। उन्होंने बताया कि लक्षद्वीप द्वीपसमूह के एंड्रोथ द्वीप के नाम पर बना यह युद्धपोत इस श्रेणी का दूसरा युद्धपोत है जिस पर जीआरएसई द्वारा निर्मित स्वदेशी 30 मिमी नौसैनिक सतह तोप लगाई गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना ने 16 उन्नत पनडुब्बी रोधी उथले पानी के युद्धक जहाजों (एएसडब्ल्यूएसडब्ल्यूसी) का ऑर्डर दिया था, जिनमें से आठ-आठ जीआरएसई और एक अन्य भारतीय शिपयार्ड द्वारा बनाए जाने हैं। हालांकि सभी आठ एएसडब्ल्यूएसडब्ल्यूसी जीआरएसई द्वारा लॉन्च किए गए हैं, लेकिन यह नौसेना को दिया जाने वाला दूसरा युद्धपोत है।

## ट्रंप ने नाटो देशों से रूसी तेल की खरीद बंद करने की अपील की

■ चीन पर 50 से 100 फीसदी टैरिफ की धमकी दी

■ चीन और भारत के बाद रूसी कच्चे तेल का नाटो सदस्य तुर्किये तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा है

■ युद्ध की जिम्मेदारी उनके पूर्ववर्ती, जो बाइडन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर है।



**बास्किंग रिज (अमेरिका)/एपी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उनका मानना है कि यदि नाटो के सभी सदस्य देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें और रूसी पेट्रोलियम खरीदने को लेकर चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक 'टैरिफ' (शुल्क) लगा दें, तो रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म हो जाएगा।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया साइट पर किये गए पोस्ट में कहा कि युद्ध जीतने के लिए नाटो की प्रतिबद्धता ''100 प्रतिशत से भी कम'' रही है और उत्तरी अटलांटिक गठबंधन संधि (नाटो) के कुछ सदस्यों द्वारा रूसी तेल की खरीद ''चौंकाने वाली'' है। उन्होंने कहा, ''यह रूस के साथ आपकी बातचीत की स्थिति और सौदेबाज़ी की शक्ति को बहुत कमजोर करता है।''

ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र के अनुसार, चीन और भारत के बाद रूसी कच्चे तेल का नाटो सदस्य तुर्किये तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा है। रूसी तेल खरीदने वाले 32 देशों के गठबंधन के अन्य सदस्यों में हंगरी और स्लोवाकिया भी शामिल हैं।

ट्रंप ने अपने पोस्ट में कहा कि रूसी तेल पर नाटो द्वारा प्रतिबंध और चीन पर 'टैरिफ' लगाये जाने से ''इस घातक, लेकिन हास्यास्पद युद्ध को समाप्त करने में भी बहुत मदद मिलेगी।''

राष्ट्रपति ने कहा कि नाटो सदस्यों को चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत टैरिफ लगाना चाहिए और अगर रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण के साथ शुरू हुआ युद्ध समाप्त हो जाता है, तो इसे वापस ले लेना चाहिए। उन्होंने लिखा, ''चीन का रूस पर मजबूत नियंत्रण है, यहां तक कि उसकी पकड़ भी है,'' और कड़े 'टैरिफ' ''उस पकड़ को तोड़ देंगे।''

अपने पोस्ट में, ट्रंप ने कहा कि युद्ध की जिम्मेदारी उनके पूर्ववर्ती, जो बाइडन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पर है। उन्होंने इस सूची में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शामिल नहीं किया।

## 'पाकिस्तान इस बात को नहीं भूले कि लादेन उसकी जमीन पर मारा गया'



संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत डैनी डैनन

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा।** इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान पर 'दोहरे मानदंड' अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामाबाद इस बात को झुठला नहीं सकता कि अलकायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को उसने ही अपनी सरजमीं पर पनाह दी और वह वहीं मारा गया।

संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत डैनी डैनन ने पाकिस्तान के राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद की ओर इशारा करते हुए कहा, जब बिन लादेन को पाकिस्तान में मार गिराया गया था, तब यह सवाल नहीं पूछा गया था कि विदेशी धरती पर एक आतंकवादी को क्यों निशाना बनाया गया? डैनन ने कहा, किसी ने यह सवाल नहीं पूछा। सवाल यह था कि आखिर एक आतंकवादी को पनाह क्यों दी गई? आज भी यही सवाल पूछा जाना चाहिए। जब बिन लादेन को नहीं बख्शा गया तो हमास को भी नहीं बख्शा जा सकता।

## प्रधानमंत्री का मणिपुर दौरा महज 'प्रतीकात्मक' था : कांग्रेस



**इम्फाल/भाषा।** कांग्रेस की मणिपुर इकाई ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस पूर्वोत्तर राज्य की यात्रा को सिर्फ ''प्रतीकात्मक'' करार देते हुए कहा कि इस दौरान उन्होंने (मोदी ने) आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के पुनर्वास के बारे में ''कुछ नहीं'' कहा। कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के नेता ओकराम इबोबी सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण में राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर मुक्त आवाजाही के बारे में भी कुछ नहीं कहा गया है। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मोदी ने 60,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों और उनके पुनर्वास के बारे में कुछ नहीं कहा। उन्होंने मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता पर भी कुछ नहीं कहा।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री को आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के पुनर्वास के लिए पैकेज की घोषणा करनी चाहिए थी।'' मई 2023 में जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद मणिपुर की अपनी पहली यात्रा के दौरान, मोदी ने सभी मूहों से हिंसा छोड़ने का आग्रह किया, लोगों को आश्वासन दिया कि केंद्र हिंसा से तबाह हुए जीवन के पुनर्निर्माण में उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

## नेपाल के राष्ट्रपति ने संसद भंग की, मार्च में नए चुनाव कराए जाएंगे



**काठमांडू/भाषा।** नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों ने राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के संसद भंग करने के फैसले की शनिवार को कड़ी आलोचना की और इस कदम को ''असंवैधानिक'' तथा लोकतंत्र के लिए एक गंभीर झटका बताया है। दो दिनों के हिंसक प्रदर्शन के बार देश में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है।

उच्चतम न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की सिफारिश पर संसद को भंग करने के बाद, पौडेल ने यह भी घोषणा की कि अगले वर्ष पांच मार्च को नए चुनाव कराए जाएंगे । उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा।

राष्ट्रपति ने एक बयान में सभी से अपील की कि वे ''लोगों के हितों की रक्षा और आत्म-अनुशासन बनाए रखते हुए समय पर चुनाव कराने के लिए कड़ी मेहनत से अर्जित अवसर का उपयोग करें।''

देश में एक सप्ताह तक हिंसक विरोध प्रदर्शन होने और इसके चलते के. पी. शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कार्की (73) देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त हुईं।

ओली ने मंगलवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के उनके कार्यालय में घुसकर उनके इस्तीफे की मांग के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया था। देशव्यापी प्रदर्शन में 50 से अधिक लोगों की जान चली गयी।

नेपाली कांग्रेस, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) समेत लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने संसद भंग करने के निर्णय की निंदा की।

संसद को भंग करने के कदम को अस्वीकार करते हुए, देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, नेपाली कांग्रेस ने चेतावनी दी कि संविधान का उल्लंघन करने वाली कोई भी कार्रवाई अस्वीकार्य होगी।

नेपाली कांग्रेस ने एक बयान में कहा, ''संसद को भंग करने का यह कदम हमारे संविधान की भावना और उच्चतम न्यायालय की व्याख्या के विरुद्ध है। यह पूरी तरह असंवैधानिक है।''

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, संसद 12 सितंबर की रात 11 बजे से भंग हो गई।

काठमांडू में राजनीतिक पारा भले ही चढ़ा हुआ था लेकिन देश में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है तथा प्रशासन कर्फ्यू एवं अन्य प्रतिबंध हटा रहा है।

सीपीएन-यूएमएल के महासचिव शंकर पोखरेल ने संसद को भंग करने कदम को ''चिंताजनक'' बताया।

नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेता के हवाले से समाचार पोर्टल ने कहा, ''अतीत में, संसद को भंग करने के अधिकतर सरकारों के प्रयासों को असंवैधानिक बताकर चुनौती दी गई थी। विडंबना यह है कि वही आवाजें अब संसद को भंग करने का समर्थन कर रही हैं। हमें सतर्क रहना चाहिए।''

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया गया प्राकृतिक का अनुठा संगम जिउतीया पूजा

**ईचागढ़/रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में रविवार को जिउतीया पूजा यानी जितुआ पूजा धूमधाम से मनाया गया। सुबह को गाजे बाजे के साथ लोग इंख डाली को अपने घरों में लाया



और शाम को अपने आंगन में गाड़कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। मान्यता के अनुसार माता अपने बच्चों के लम्बी उम्र एवं रोग दुःख से बचाने के लिए निर्जला उपवास कर अंकुरित चना का भोग लगाकर जितुआ यानी सुर्य पूत्र जिमीतवाहन का पूजन करते हैं और अपने बच्चों को आशीष देकर अष्टमी छोड़ने के बाद दुसरे दिन पारन कर व्रत का समापन करती है। प्राकृतिक पूजा के रूप में करम पूजा के कुछ दिन बाद ही इंख डाली का पूजा करते हैं। जीता पूजा में श्रृगाल और गिध का भी पूजा किया जाता है,जो एक प्राकृतिक संरक्षण का संदेश देता है। पेड़ पौधे एवं वन्य जीव जन्तु का पूजा अर्चना से प्राकृतिक संरक्षण और संवर्धन के लिए पशु व पेड़ पौधे का अटूट संबंध को दर्शाता है। ईचागढ़, कुकड़ू, नीमडीह, चांडिल सहित पूरे झारखंड में अधिकांश घरों में जितुआ पूजा किया जाता है।

### अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान ,तीन अवैध महुआ शराब भट्टी ध्वस्त



**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह पुलिस द्वारा आगामी दुर्गा पूजा को लेकर अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। विशेष अभियान चलाकर नीमडीह थाना पुलिस के द्वारा ग्राम जुगिलोंग के किनारे में स्थित तीन महुवा शराब की भट्टी को ध्वस्त किया गया एवं करीब 300 किलो ग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया हैं। थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब की भट्टी के संचालक का पता लगाकर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है, साथ ही पूर्व से चिन्हित/आरोप पत्रित सभी अवैध देशी महुआ भट्टी संचालको के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नीमडीह पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रखेगी और अवैध शराब निर्माण, बिक्री के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई किया जाएगा।

### ईचागढ़ पुलिस ने 60 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक को भेजा जेल

**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर रूगड़ी गांव के पास विभिन्न ब्रांड का 60 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ शराब तस्कर सिल्ली थाना क्षेत्र के अजयगढ़ निवासी 30 वर्षीय बुधराम महली को



गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मौके से अंग्रेजी शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी जप्त किया गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गुप्त सुचना के आधार पर रूगड़ी गांव के पास एक छापेमारी दल का गठन कर एंट्री क्राइम चेकिंग लगाया गया, जहां एक स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस दल के सहयोग से उसे पकड़कर तलाशी लेने पर स्कूटी पर बोरा में भरे मेगडोवेल 180 एम एल का 36 पीस, 375 एम एल का 06 पीस, आइकोनिक 180 एम एल का 12 पीस एवं 375 एम एल का 06 पीस बरामद किया गया। शराब माफिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया एवं स्कूटी को जप्त कर लिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे, हवलदार राजेश कुमार, चौकीदार ठाकुर दास तांती सामिल थे।

### बदहाल सड़क का पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव की अगुआई में ग्रामीणों ने किया श्रमदान



**ईचागढ़ /रिपब्लिक नेशन।** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडू प्रखंड के ईचाडीह से कुकडू करीब साढ़े चार किलोमीटर सड़क का दो बार टेंडर होने के बाद रद्द होने से आखिर कार पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साहू हाथ में कुदाल लिए ग्रामीणों के साथ स्वयं श्रमदान कर सड़क मरम्मती के लिए कुद पड़े । ईचागडीह पंचायत को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली कुकडू भाया ईचाडीह चौका सड़क विभागीय उदासीनता से लंबे समय से बदहाली की मार झेल रही है। जगह-जगह गड्ढों से भरी इस सड़क पर आवागमन ग्रामीणों के लिए रोजमर्रा की चुनौती बन गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बद्तर हो गई है, जिससे पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालकों तक को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लोग हथेली में जान लेकर गीरते पढ़ते अपने सफर को मजबुरण गंतव्य तक जाते हैं।ग्रामीणों की लगातार मांग और विभागीय उदासीनता के बीच पंचायत स्तर पर एक बैठक आयोजित की गई ,जिसमें श्रमदान कर मरम्मती करने का निर्णय लिया गया। रविवार को एक साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साव की अगुआई में सड़क मरम्मती के लिए हाथों में कुदाल, गैंता लेकर श्रमदान करने पहुंचे और सड़क मरम्मती किए। जेसीबी व ट्रैक्टर से मीट्टी मुरम लाकर श्रमदान कर जर्जर सड़क को दुरूस्त किया गया।मौके पर ईचाडीह पंचायत के मुखिया चित्तरंजन सिंह, पंचायत समिति सदस्य मंगल सिंह, गोरा चांद सिंह मुंडा, रमेश गोप, रोहिन महतो, आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# आईडीए के बैनर तले डेंटल डॉक्टरों की संगोष्ठी संपन्न

- **बंगलौर के डॉ किशोर सी हाडले द्वारा ट्रीटमेंट के अत्याधुनिक तकनीक व इसके भविष्य के उपयोगों पर दी जानकारी**
- **संगोष्ठी में जूटे बिहार झारखंड के चिकित्सकों ने नयी तकनीक को अपनाने का लिया संकल्प**



रिपब्लिक नेशन।

देवघर। रविवार को स्थानीय डाबरग्राम स्थित मैहर गार्डन के सभागार में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के बैनर तले डेंटल डॉक्टरों की संगोष्ठी सुबह 10 बजे से आयोजित की गई। जिसमें डेंटल ट्रीटमेंट में आए अत्याधुनिक लेजर तकनीक डेंटिस्ट्री के बारे में चर्चा व मरीजों का ट्रीटमेंट की जानकारी दी गई। इस तकनीक पर महारत हासिल किये मुख्य वक्ता बंगलौर के डॉ किशोर सी हाडले के द्वारा ट्रीटमेंट के अत्याधुनिक तकनीक तथा इसके भविष्य के उपयोगो पर विशेष चर्चा की। इस दौरान डॉ किशोर सी हाडले ने उपस्थित डेंटल डाक्टरों की जिज्ञासा को शांत किया। इस दौरान सवाल जवाब का भी दौर चला। मौके पर उपस्थित डाक्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गीत संगीत का दौर भी चला और डाक्टर व परिजनों ने बबलू पंडित के गाए किशोर कुमार के गीतों का आनंद लिया। संगोष्ठी में बिहार झारखंड के लगभग 50 डॉक्टर उपस्थित थे। मौके पर बंगलौर से पहुंचे मुख्य वक्ता डॉ किशोर सी हाडले ने कहा कि देवघर बाबा बैद्यनाथ की नगरी है। मैं संगठन के बैनर तले देश के विभिन्न जगहों में जाकर डेंटल चिकित्सा में लेजर सहित आधुनिक तकनीक अपने के प्रति जागरूकता पैदा कर रहा हूं। यह कार्यक्रम आइडीए व डेंट मेडिक के प्रयास से आयोजित किया जा रहा है। झारखंड में मेरा पहला दौरा है, यहां आकर मुझे अच्छा लगा। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों को यह जानकारी दी की भारत में एक से बढ़कर एक आधुनिक तकनीक और मशीन उपलब्ध है। जिसका इस्तेमाल कर हम अच्छा लाभ ले सकते हैं। साथ ही मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा। मैं 12 साल कॉलेज में प्रोफेसर की नौकरी भी की है और देश के विभिन्न जगहों में जाकर जागरूकता पैदा करने का काम कर रहा हूं कि कैसे लेजर पद्धति के इस्तेमाल से डॉक्टर व मरीज लाभ ले सकते हैं। आइडीए की पूरे देश में 370 शाखाएं हैं। देवघर शाखा की नया है, यहां आकर मुझे जो जानकारी देने का मौका मिला उसे यहां की चिकित्सक आधुनिक तकनीक को अपनाकर नया सीख कुछ सकते हैं। जब यहां के संगठन ने मुझे निमंत्रण भेजा तो बाबा बैद्यनाथ का आशीर्वाद लेने के लिए इस निमंत्रण को मैं सहर्ष स्वीकार कर बाबा के शरण में हाजिर हुआ हूं। वहीं कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे आईडीए देवघर शाखा के सचिव डॉ राजीव रंजन ने कहा कि दांत चिकित्सक संघ बनने के बाद देवघर में नए-नए उपकरणों अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति में प्रतिदिन सुधार करते हुए वैश्विक स्तर की दांत चिकित्सा सुविधा देवघर में उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है। संगोष्ठी में जूटे बिहार झारखंड के चिकित्सकों ने नयी तकनीक को अपनाने का संकल्प लिया। संगोष्ठी को सफल बनाने में देवघर डेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार, सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ अंजू कुमारी, डॉ पूजा राय, डॉ सत्यम सत्यार्थी, डॉ राज वर्मा, डॉ आकाश प्रकाश सिंह, डा नवनीता सिंह, डॉ अमित प्रसाद, डॉ अभिषेक, डॉ एसके चौधरी, डॉ ज्योतिष, डॉ मनीष, डॉ सुभाष, डॉ प्रवीर, डॉ प्रमिला सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त जानकारी आईडीए के सचिव डॉ राजीव रंजन ने दी।

## खेलो झारखण्ड जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता मे सोनारायठाड़ी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मगडीहा कि अंडर -17 बालिका टीम विजेता रही

रिपब्लिक नेशन।



**देवघर ।** खेलो झारखण्ड के तहत जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता मे सोनारायठाड़ी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मगडीहा कि टीम ने मारी बाजी।बालिका टीम व-17 का फाइनल मुकाबला सोनारायठाड़ी और सारवां बालिका टीम के बीच खेला गया जिसमे सोनारायठाड़ी के खिलाड़ियों ने दोनों पाली मे कुल 12 पॉइंट हासिल किया। वहीं सारवां कि टीम ने दोनों पालियों मे 7पॉइंट ही हासिल कर पाई। इस प्रकार सोनारायठाड़ी कि टीम 5 अंको के बढ़त के साथ विजेता बनी।वहीं कोच संतोष शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए खिलाड़ियों को अपनी हौसला बुलंद और मजबूत करने तथा विपरीत परिस्थितियों मे संघर्ष करना कि बात कही।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय और प्रखंड का नाम रोशन करंगे। और कहा खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रेक्टिस करना और खेल के नियमों का पालन करना। वहीं टीम प्रबंधक जनार्दन हांसदा और विद्यालय के प्रभारी त्रिलोकी राऊत, विपिन मिश्रा ने खिलाड़ियों के भविष्य कि कामना किया।वहीं खिलाड़ियों को जिला कमिटी कि और से ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में धूमधाम से मनाया गया हिन्दी दिवस समारोह।




**लखीसराय/रिपब्लिक नेशन।** जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वाधान में स्थानीय प्रभात चौक स्थित होटल भारती के सभागार में हिंदी दिवस समारोह सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाय गया। मौके पर शीला भारती ,पंकज भारती, जितेंद्र कुमार आदि के द्वारा आगत अतिथियों के सम्मान में स्वागत गान प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि जिला उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ,उद्घाटन कर्ता अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार , वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश मिश्र पंकज मऊ,राम सेवक चौधरी, डॉ संगीता राय,प्रोफेसर मनोरंजन कुमार, अरविन्द कुमार भारती,मु सैयद इजराफिल , सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, राम सेवक चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्य प्रकाश मिश्र पंकज,डॉक्टर संगीता राय, प्रोफेसर मनोरंजन कुमार, अरविन्द कुमार भारती, देवेंद्र आजाद आदि के द्वारा नवल कंठ पत्रिका का विमोचन भी किया । इस दौरान सभी कवियों को अंग वस्त्र, रामचरितमानस, श्री मद भागवत गीता फूल -माला आदि देकर सम्मानित किया गया । समारोह को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने कहा कि हिंदी पर हमें गर्व है । उन्होंने कहा कि जिन देशों ने अपनी मातृभाषा को नहीं अपनाया वह बेहतर विकास नहीं की । आज भी रूस के लोग अंग्रेजी नहीं बोलते हैं रसियन बोलते हैं। फ्रांस के लोग फ्रेंच बोलते हैं अंग्रेजी नहीं बोलते हैं। चीन के लोग चाइनीज बोलते हैं अंग्रेजी नहीं बोलते हैं। इस तरह से हम लोगों को भी अपनी भारतीय भाषा की मातृभाषा पर गर्व होनी चाहिए। उन्होंने हिंदी भाषा की विकास, विस्तार एवं प्रयोग किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर समय हिंदी का ही प्रयोग करना चाहिए । मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी तो हमारी मातृभाषा है, इसकी विकास के तमाम लोगों को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने हिंदी से ही प्रतियोगिता परीक्षा पास की है। सभी विकसित देशों में उनकी मातृभाषा में ही इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि की पढ़ाई होती है । यही व्यवस्था यहां विकसित होनी चाहिए। हिंदी पर हमें गर्व है ।हम लोगों को हिंदी का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान त्रैमासिक हिंदी साहित्य पत्रिका नवल कंठ का भी विधिवत विमोचन किया गया। मौके पर डॉ संगीता राय, प्रोफेसर मनोरंजन कुमार, गोपाल आचार्य बरबिघा, दशरथ प्रसाद महतो,शिवदानी सिंह बच्चन, कामेश्वर यादव , रोहित कुमार,अरविंद कुमार भारती ,देवेंद्र आजाद, भोला पंडित, बलजीत कुमार, मोहम्मद सैयद इजराफिल ,राजेश्वरी प्रसाद सिंह ,जीवन पासवान मुद्रिका सिंह, सिद्धेश्वर प्रसाद महतो, अवधेश कुमार निराला, अंकित कुमार अशोक कुमार सिंह, सत्य प्रकाश मिश्र पंकज आदि अनेक कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया ।इनके अलावे इस अवसर पर डॉ रामानुज प्रसाद सिंह ,अशोक कुमार सिंह ,सनोज कुमार ,डॉक्टर मनोज कुमार चौधरी ,पूर्व प्राचार्य शैलेंद्र प्रसाद सिंह ,जयप्रकाश सिंह, राजकुमार आदि लोगों की खास उपस्थित रहीं।अविनाश कुमार, जितेंद्र कुमार रोहित कुमार ,पंकज भारती, शीला भारती आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## पबिया स्थित मां श्यामा काली मंदिर समिति का पुनर्गठन, नई कार्यकारिणी टीम का चयन

रिपब्लिक नेशन।



**संवाददाता/जामताड़ा ।** पबिया स्थित श्री श्री सार्वजनिक मां श्यामा काली मंदिर निर्माण सह पूजा कमेटी की बैठक रविवार को मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मंदिर एवं पूजा समिति के कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन किया गया और नई कार्यकारिणी टीम का चयन किया गया।नवनिर्वाचित कमेटी में सस्टीशंकर दुबे उर्फ चंचल दुबे को अध्यक्ष, छोटेलाल महतो को सचिव, दुबराज सिंह को सह सचिव, शंभूनाथ मंडल को कोषाध्यक्ष तथा महेश्वर भंडारी को सह कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष निलांबर मंडल और जितेंद्र मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं अभय पांडे को सलाहकार, सोनू सिंह को प्रवक्ता तथा नरेश चंद्र मंडल और प्रभाष चंद्र भंडारी को संरक्षक बनाया गया।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नई टीम को बधाई देते हुए मंदिर के विकास और पूजा-अर्चना की व्यवस्था को और बेहतर करने का संकल्प लिया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मां श्यामा काली मंदिर क्षेत्र के आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है, इसलिए इसकी देखभाल और धार्मिक आयोजन बेहतर तरीके से करने की पूरी कोशिश की जाएगी। साथ ही मंदिर निर्माण कार्यों को गति देने और भक्तों के लिए आवशयक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाने पर भी चर्चा हुई।बैठक में मुखिया जल सिंह बेसरा,नीलांबर मंडल, निमाई चंद्र सेन, कांचन मंडल ,गणेश चंद्र मंडल, देवानंद मंडल, मोहन मंडल, भरत स्वर्णकार ,मुरलीधर स्वर्णकार, माधुर स्वर्णकार ,ताकेश सिंह, प्रसनजीत मंडल, कांचन भंडारी, किशोर दुबे, संजय सेन ,बैद्यनाथ मंडल ,विजय मंडल ,प्रदीप रजक ,आनंद सेन, त्रिपुरारी दुबे ,परिमल मंडल, बैद्यनाथ मंडल, सुधीर मंडल, परमानंद मंडल ,जयदेव मंडल,शंभूनाथ मंडल, द्वारिका प्रसाद सिंह ,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और समिति सदस्य मौजूद रहे।

## गोड्डा महागामा "जाति-धर्म और जेंडर का भेद मिटाओ, समानता की राह अपनाओ" थीम पर GEMS कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरुआत

रिपब्लिक नेशन।



**बासु कुमार की रिपोर्ट /महागामा (गोड्डा)।** ब्ळफ्ह द्वारा संचालित GEMS (Gender Equity Movement in Schools) कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरुआत इस वर्ष भी गोड्डा और जामताड़ा जिलों के कुल 270 विद्यालयों में की गई है। इस वर्ष का मुख्य थीम हैः ''जाति-धर्म और जेंडर का भेद मिटाओ, समानता की राह अपनाओ'', जो शिक्षकों के सुझाव के आधार पर जेंडर आधारित सामाजिक भेदभाव पर केंद्रित है।

इसी क्रम में रविवार को महागामा प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय, सरोतिया में एक जागरूकता अभियान का आयोजन प्रधानाध्यापक मो. सज्जाद आलम की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रकला, नुक्कड़ नाटक, भाषण आदि के माध्यम से लैंगिक भेदभाव और उससे जुड़ी हिंसा पर अपने अनुभव साझा किए।

विद्यालय के चारों हाउस के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किएः

बिरसा मुंडा हाउस - लैंगिक भेदभाव

चांद भैरव हाउस - दहेज प्रथा

सिद्धो-कान्हू हाउस - सामाजिक भेदभाव और हिंसा

तिलका मांझी हाउस - घरेलू हिंसा

इस अभियान को सफल बनाने में शिक्षकों मोलय मंडल, भोला प्रसाद यादव, नीरज कुमार सिन्हा, मो. मुजाहिद आलम एवं आदेशपाल मो. एजाज ने अहम भूमिका निभाई। ICRW के प्रतिनिधि मुन्ना कुमार ने जानकारी दी कि गोड्डा जिले के चार प्रखंडों झ गोड्डा, महगामा, पथरगामा और पोड़ैयाहाट - के 136 विद्यालयों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसमें अब तक 66 विद्यालयों में इसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा चुका है।

## मनुष्य जीवन की यात्रा विशेषकर अध्यात्मिक पगडंडियां प्रभात संगीत के सूर से सुगंधित हो उठता है

- **संगीत तथा भक्ति संगीत दोनों को ही रहस्यवाद से प्रेरणा मिलती रहती है। जितनी भी सूक्ष्म तथा दैवी अभिव्यक्तियां हैं, वह संगीत के माध्यम से ही अभिव्यक्त हो सकती है**
- **प्रभात संगीत मानव मन में ईश्वर प्रेम के प्रकाश फैलाने का काम करता है।**




रिपब्लिक नेशन।

देवघर 14 सितम्बर 25 प्रभात संगीत दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों का नृत्य एवं गायन के कार्यक्रम आनंद मार्ग प्रचारक संघ देवघर के द्वारा आयोजित की गई। सर्वप्रथम परमपिता श्री श्री आनंदमूर्ति जी को आचार्य रूद्र प्रकाशानंद अवधूत, आचार्य भावानन्द अवधूत, कार्यक्रम सचिव सुरेंद्र जी एवं भुक्तिप्रधान सुनील जी ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रथम प्रभात संगीत बंधु है निए चलो के गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आज से लगभग 7000 वर्ष पूर्व भगवान सदाशिव ने सरगम का आविष्कार कर मानव मन के सूक्ष्म अभिव्यक्तियों को प्रकट करने का सहज रास्ता खोल दिया था। इसी कड़ी में 14 सितंबर 1982 को झारखंड राज्य के देवघर में आनंद मार्ग के प्रवर्तक भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने प्रथम प्रभात संगीत॰ बंधु हे निये चलो॰ बांग्ला भाषा में देकर मानव मन को भक्ति उनमुख कर दिया।

8 वर्ष 1 महीना 7 दिन के छोटे से अवधि में उन्होंने 5018 प्रभात संगीत का अवदान मानव समाज को दिया। आशा के इस गीत को गाकर कितनी जिंदगियां संवर गई। प्रभात संगीत के भाव ,भाषा, छंद, सूर एवं लय अद्वितीय और अतुलनीय है। संस्कृत बांग्ला, उर्दू , हिंदी, अंगिका ,मैथिली, मगही एवं अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत प्रभात संगीत मानव मन में ईश्वर प्रेम के प्रकाश फैलाने का काम करता है। संगीत साधना में तल्लीन साधक को एक बार प्रभात संगीत रूपी अमृत का स्पर्श पाकर अपनी साधना को सफल करना चाहिए। इस पृथ्वी पर उपस्थित मनुष्य के मन में ईश्वर के लिए उठने वाले हर प्रकार के भाव को सुंदर भाषा और सूर में लयबद्ध कर प्रभात संगीत के रूप में प्रस्तुत कर दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी मनुष्य जब पूर्ण भाव से प्रभात संगीत के साथ खड़ा हो जाता है, तो रेगिस्तान भी हरा हो जाता है।

संगीत तथा भक्ति संगीत दोनों को ही रहस्यवाद से प्रेरणा मिलती रहती है। जितनी भी सूक्ष्म तथा दैवी अभिव्यक्तियां हैं, वह संगीत के माध्यम से ही अभिव्यक्त हो सकती है। मनुष्य जीवन की यात्रा विशेषकर अध्यात्मिक पगडंडियां प्रभात संगीत के सूर से सुगंधित हो उठता है। आजकल प्रभात संगीत एक नये घराने के रूप में लोकप्रिय हो रहा है ।

प्रभात संगीत के छः स्तर ः

1. विरह
2. मिलन
3. आवेदन
4. निवेदन
5. स्तुति
6. विसर्जन

संगीत में भाव,भाषा, छंद और सुर की प्रधानता होती है।

संगीत नन्दन विज्ञान है तथा प्रभात संगीत इसी के अन्तर्गत आता है।नन्दन विज्ञान का अर्थ है, दूसरों को आनन्द देना और दूसरों से आनन्द लेना।

कीर्तन मोहन विज्ञान के अन्तर्गत आता है।मोहन विज्ञान अर्थात जो दूसरों को मोहता है या आकर्षित करता है।

मनुष्य माया के अंधकार में सोया है।प्रभात संगीत से यह अंधकार हटता है तथा स्वर्णिम विहान आता है।कठोर से कठोर व्यक्ति भी यदि सही ढंग से प्रभात संगीत गाये,तो उनमें भी अध्यात्मिक जागरण आ जाता है । नन्दन विज्ञान से हम स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर बढ़ते हैं।इसका उपयोग समाज की प्रगति के लिये होना चाहिये। राहुल अली, त्याशा, देबद्रीता, अनुष्का, मरीनमोई, दीपण्यता, आराध्या, समप्रीति, सयानी, पुष्पा, अंकिता, संगीता, स्वप्ना, मीता, रूबी, पियाली, सोमा, काव्या, तन्मय, यस्मिता, अवंतिका, युक्ता, पल्लवी, रेखा, परी, तनवी, येश्री, कनकप्रभा एवं काव्या चौधरी आदि कलाकारों नें अपने नृत्य का प्रदर्शन किया जो प्रशिक्षक दीपो प्रकाश नाथ जी के निर्देशन में किया।सैकड़ो भक्तों एवं कलाप्रेमीयों ने इस आध्यात्मिक सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया। भुक्ति प्रधान सुनील जी ने कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

विकास कुमार
जनसंपर्क सचिव
आनंद मार्ग प्रचारक संघ देवघर

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस नावाडीह खंड की बैठक में शताब्दी वर्ष व विजयादशमी उत्सव मनाने पर हुई चर्चा



**तुलसी प्रसाद /नावाडीह / बोकारो/रिपब्लिक नेशन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को नावाडीह में बैठक आयोजित की गई.जहां शताब्दी वर्ष एवं आगामी विजयादशमी उत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. बैठक में संघ के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने उत्सव के आयोजन, पथ संचलन की तिथि व मार्ग, गणवेश की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि इस बार विजयादशमी उत्सव को भव्य और अनुशासित ढंग से मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला कार्यवाह भोला जी ने बताया कि विजयादशमी उत्सव न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है,बल्कि यह समाज में राष्ट्र भावना और अनुशासन का संदेश देने का भी अवसर होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी विशेष कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है. बैठक में जिला सह कार्यवाह कुंवर महतो,खंड कार्यवाह लालचंद महतो , सह कार्यवाह बालेश्वर महतो,ललन कुमार, बौद्धिक प्रमुख जितेंद्र शर्मा,विहिप के दिलीप कर्मकार, एकल अभियान के नंदकिशोर महतो,खरपिटो पंसस डिलेश्वर महतो,भाजपा के निर्मल महतो, रणविजय सिंह,नारायण कानू , नरेश गुप्ता, करण कुमार, दिलीप तुरी सहित अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### गोमिया में वारिश होने से गोमिया विद्युत सब स्टेशन में पानी भरा, क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप

**गोमिया /रिपब्लिक नेशन।** गोमिया क्षेत्र में दोपहर जोरदार वारिश होने से गोमिया विद्युत सब स्टेशन में पानी भर गया है और इससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बता दें कि रविवार की दोपहर क्षेत्र में लगातार एक घंटे तक वारिश हुई। जिससे क्षेत्र का आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं वारिश की वजह से गोमिया विद्युत सब स्टेशन में भी पानी भर गया और इससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप हो गया। वहीं कई घरों एवं सड़कों पर भी पानी भर गया। लोगों ने वारिश छूटने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं विद्युत विभाग के पदाधिकारियों के अनुसार विद्युत सब स्टेशन में पानी कम होने पर क्षेत्र में पुनः विद्युत आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।



### गिरिडीह में चौथी इंडो नेपाल कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता वर्ल्ड फूनाकोशी शोतोकान कराटे संपन्न






**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह।** जिले के नगर भवन में दो दिवसीय चौथी इंडो नेपाल कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता वर्ल्ड फूनाकोशी शोतोकान कराटे झारखंड गिरिडीह और कपूर सिंह मॉडर्न मार्शल आर्ट अकादमी गिरिडीह के द्वारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत और नेपाल के खिलाड़ियों ने भाग लिया । इसकी जानकारी वर्ल्ड फूना कोसी झारखंड के चीफ सेंसेई उज्जवल सिंह ने दी। उज्जवल सिंह ने यह भी बताया कि इस प्रतियोगिता में चीफ रेफरी नेपाल के काजी राणा,बंगाल के मो शाहबाज, यूपी के विकास व सन्नी,शशि के साथ निरंजन ,विपिन, हितांशु , पायल ने अहम भूमिका निभाई।वही संघ के साथ संघ संरक्षक देवेंद्र सिंह चुन्नू कांत अमरजीत सिंह सलूजा अध्यक्ष डॉ विजय सिंह और राजधनवार प्रखंड के प्रमुख गौतम कुमार सिंह गिरिडीह कॉलेज के प्रो विनीता कुमारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।
वहीं संघ के संरक्षक देवेंद्र सिंह कोच सहित सभी खिलाड़ियों को स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में नवीन कांत सिंह,सतीश कुंदन ,अजय कुमार शिवानी ,अनिल चंद्रवंशी,अविनाश प्रसाद,भूपेंद्र सिंह ,राजेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री सुशीला कार्की का बड़ा बयान : ----"रसरंजन के लिए नहीं, जिम्मेदारी निभाने आई हूं"

**रिपब्लिक नेशन राजेश कुमार।** भारत पड़ोसी काठमांडू झ नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा है कि वे किसी भी तरह के व्यक्तिगत लाभ या पद का रसास्वादन करने के लिए प्रधानमंत्री नहीं बनी हैं, बल्कि परिस्थितियों ने उन्हें यह जिम्मेदारी उठाने के लिए विवश किया है।



प्रधानमंत्री कार्की ने कहा, "मैं रहर से प्रधानमंत्री नहीं बनी हूं। सब तरफ से आवाज उठी और मैं विवश हुई। यह पद रसास्वादन के लिए नहीं है। उम्र भी अब इसके लिए नहीं है। किसी भी हालत में हम छह महीने से ज्यादा नहीं रहेंगे। अपनी जिम्मेदारी पूरी करके छह महीने बाद आने वाले नए मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंप देंगे। मुझे सहयोग दीजिए।"
प्रधानमंत्री कार्की ने पाँच महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए, जो खासकर हाल ही में हुए जेन-जी आन्दोलन में मृत और घायल नागरिकों के लिए राहत और सहायता से जुड़े हैं जेन-जी आन्दोलन में मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा दिया जाएगा।प्रत्येक मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।आन्दोलन में घायल सभी लोगों का उपचार सरकार द्वारा मुफ्त किया जाएगा।शव को लाने और अंतिम संस्कार का पूरा खर्च सरकार उठाएगी।आन्दोलन में अपंगता का शिकार हुए व्यक्तियों को आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से शान्ति बनाए रखने और सरकार के कदमों में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य केवल शान्ति स्थापना और स्थिरता है ताकि देश में सामान्य जनजीवन जल्द बहाल हो सके।

# समाजसेवियों की पहल: बारिश से बने खड्डे को निजी खर्च से भरकर किया गया समतल

### स्थानीय लोगों ने कहा -यह कार्य सचमुच प्रेरणा देने वाला है



रिपब्लिक नेशन।

**बगोदर।** लगातार हो रही बारिश के कारण स्थानीय प्रसिद्ध मंदिर हरिहरधाम के पास हजारीबाग रोड पर एक बड़ा और गहरा गड्ढा बन गया था। इस गड्ढा की वजह से हर दिन राहगीरों और वाहन चालकों के लिए गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ था। स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए समाजसेवियों ने आगे आकर मिसाल कायम की।
इस दौरान समीपवर्ती हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के उपरेली चौथ बोदरा निवासी रमेश यादव एवं विश्वकर्मा समाज के प्रखंड अध्यक्ष कैलाश राणा ने बिना किसी सरकारी मदद का इंतज़ार किए, अपने निजी खर्चे से सड़क के खड्डे को भरकर समतल किया। उनके इस प्रयास से अब वहाँ से गुजरने वाले राहगीरों को राहत मिलेगी और दुर्घटना की आशंका भी काफी हद तक टल गई है।
मौके पर इस सेवा कार्य के दौरान उपस्थित रहे भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आशीष कुमार बॉर्डर,समाजसेवी गोल्डन जायसवाल,
राकेश यादव,दीपक पंडित,अजीत कुमार शर्मा आदि।
इसी बीच, संयोग से वहाँ से गुजर रहे भाजपा नेता, रांची कांके निवासी राकेश राम ने भी रुककर इस कार्य का निरीक्षण किया और सभी समाजसेवियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा:
"यह सचमुच सराहनीय कार्य है। समाज में जब लोग स्वयं जिम्मेदारी उठाकर आगे आते हैं, तभी वास्तविक बदलाव आता है। आप सभी समाज और क्षेत्र के लिए प्रेरणा हैं।"
स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने भी इस पहल की जमकर सराहना की। उनका कहना था कि ऐसे प्रयास न केवल सड़क को सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि समाज में जागरूकता और एकता का संदेश भी देते हैं।
मौके पर उपस्थित लोगों ने यह भी कहा कि अगर इसी तरह समाज के लोग अपनी जिम्मेदारी समझते रहें तो सड़क सुरक्षा और विकास कार्यों में तेजी लाई जा सकती है। जानकारी कुमार संजय,मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता बगोदर प्रखंड विश्वकर्मा समाज ने दी।

## बाज़ारवाद के दौर में बांग्ला भाषा का अस्तित्व पर संकट

### शिल्पे अनन्या पत्रिका का 72 वां अंक का विमोचन



रिपब्लिक नेशन।

**निरसा।** पतलाबाड़ी स्थित दामोदर वैली टिचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में रविवार को त्रैमासिक बांग्ला पत्रिका शिल्पे अनन्या का 72 वां अंक विमोचन किया गया। अध्यक्षता पत्रिका के संपादक प्रो (डॉ) डी के सेन ने की। मुख्य वक्ता के रूप में रांची विश्वविद्यालय के प्रो गौतम मुखर्जी और बांकुड़ा रामानंद कॉलेज के प्रो (डॉ) सिद्धार्थ मौजूद थे। संपादक प्रो दीपक कुमार सेन ने कहा कि 1990 के वैश्वीकरण के बाद सभी भाषाओं को बाज़ार की चुनौती झेलनी पड़ी है। बांग्ला जैसी समृद्ध भाषा भी संकट का सामना कर रही है। प्रो गौतम मुखर्जी ने कहा कि बंकिमचंद्र, रवींद्रनाथ ठाकुर, शरतचंद्र चटर्जी, काजी नजरुल इस्लाम, बनफूल ने बांग्ला भाषा को ऊंचाई दी है, लेकिन आज बाज़ारवाद के दौर में इसके अस्तित्व पर संकट है। प्रो सिद्धार्थ ने शिल्पे अनन्या पत्रिका के ऐतिहासिक योगदान की सराहना की उन्होंने कहा कि यह पत्रिका झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड के बांग्लाभाषियों को जोड़कर भाषा और साहित्य को समृद्ध कर रही है। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ काशीनाथ चटर्जी ने कहा कि अंग्रेज़ी आज मध्यवर्ग की भाषा बन चुकी है, परंतु मातृभाषा सदैव मेहनतकश वर्ग की भाषा रही है और वही इसे बचा सकती है। दामोदर वेली टीचर्स ट्रेनिंग बीएड कॉलेज के अध्यक्ष देवदास महतो ने बुद्धिजीवी वर्ग का स्वागत करते हुए कहा इस तरह का कार्यक्रम हमारे लिए गर्व की बात है। संचालन शुभ्रा कोनार ने किया। मौके पर उज्वल कुमार दत्ता, डॉ डी बनर्जी, प्रो वरुण सरकार, प्रो सुकुमार मोहंती, रीना भौमिक, तनुश्री गोराई, शर्मिष्ठा सेनगुप्ता, विकास कुमार ठाकुर, जामताड़ा से सचिव दुर्गादास भंडारी ने भी विचार रखी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश सेन, कॉलेज के सचिव निवाश चंद्र महतो वैली पब्लिक स्कूल के सचिव बासुदेव महतो, पुष्पा मंडल आदि थे।

### हैदराबाद में मृत प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा उसके गांव

● **परिजनों की चित्कार से शोकाकुल माहौल**

**रिपब्लिक नेशन।** तिसरी : तिसरी प्रखंड के लोकाय पंचायत निवासी उदय यादव पिता राजेंद्र यादव की बीते दिनों हैदराबाद मे रोड एक्सीडेंट मे मौत हो गई थी। रविवार को उसका शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। जिसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।
बताया जाता है कि उदय घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। वह हैदराबाद में रहकर काम करता था। बीते दिनों सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। जिसके बाद झारखंड एकता समाज, हैदराबाद द्वारा उनके शव को एंबुलेंस से उनके गांव भेजा गया।
उदय की मौत से परिजनों पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



## पूजा पंडालों व मेला को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद प्रशासक ने जारी किया निर्देश

रिपब्लिक नेशन।

निरसा। पर्व त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दीपावली, काली पूजा एवं छठ पूजा को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद ने विशेष निर्देश जारी किया है। जिसमें कहा गया कि शहर के विभिन्न खुले स्थान, भवन व हॉल आदि के पूजा पंडाल व पूजा स्थल में मेला जुलूस झांकी आदि कार्यक्रम स्थलों पर आयोजन गत दुर्घटनाओं की रोकथाम और जन धन की सुरक्षा के लिए नगर प्रशासक प्रियंका कुमारी ने एहतियातन सुरक्षा उपाय करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी की है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थलों पर की गई विद्युत व्यवस्था का कार्य अनुभवी इलेक्ट्रिकल इंजीनियर की देखरेख में कराई जाए, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक विद्युत लोड के अनुसार वैध विद्युत कनेक्शन कराई जाए, कार्यक्रम स्थल पर धूम्रपान पूर्णतया वर्जित हो, कार्यक्रम स्थल पर ज्वलनशील पदार्थ का भंडारण ना किया जाए, स्थल पर पर्याप्त पानी पीने की व्यवस्था रखी जाए। स्थल पर अग्निशामक यंत्र रखी जाए, किसी दुर्घटना की स्थिति में स्थल को शीघ्र रिक्त कराने हेतु प्रवेश एवं निकासी द्वार का पर्याप्त चौड़ाई में पथ मार्ग स्वरूप खुली रहनी चाहिए। संचालकों से अपील करते हुए कहा कि चिरकुंडा शहर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ एवं साफ रहे इस हेतु स्थल की उचित सफाई व्यवस्था रखी जाए, जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित किया जाए। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न हो। मेला,जुलुस, झांकी आदि करने वाले पूजा समिति को आयोजन से पूर्व आवेदन देकर नगर परिषद से अनुमति लेने की सुनिश्चित करेंगे। पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरा जरुरी है। पूजा पंडाल में पुरुष व महिला का अलग-अलग प्रवेश निकासी साइनेज लगाने की व्यवस्था की जाए, बेहतर साफ सफाई हेतु पूजा पंडाल में कूड़ेदान का प्रयोग किया जाए, पार्किंग स्थलों पर नगर परिषद के माध्यम से सशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की जाए, पूजा पंडाल के संचालकों के द्वारा आम लोगों से संवाद स्थापना हेतु सहायता केंद्र की व्यवस्था की जाए, पूजा संचालन समिति द्वारा जन सहयोग हेतु वॉलिंटियर रखी जाए।

### बेंगाबाद में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 20 सितम्बर से होगी

**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह।** माय युवा भारत गिरिडीह (युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) की ओर से बेंगाबाद प्रखंड के ओझाडीह खेल मैदान में 20 और 21 सितंबर को प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है।
ज्वाला युवा क्लब के सचिव पप्पू वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में फुटबॉल, कबड्डी, ऊंची कूद, दौड़ समेत कई खेलों का आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है।
प्रतियोगिता में बेंगाबाद प्रखंड के इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यह आयोजन न सिर्फ खेल भावना को बढ़ावा देगा बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में भी सहायक होगा। आयोजन समिति ने ग्रामीणों से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

## नाबालिग बच्ची को रात भर जंगल में बंधक बना दुष्कर्म करने का आरोप, आरोपी पुलिस गिरफ्त मे

### मामला तिसरी प्रखंड अंतर्गत थानसिंहडीह ओपी क्षेत्र का



रिपब्लिक नेशन।

**तिसरी ।** तिसरी प्रखंड के लोकाय थाना क्षेत्र अंतर्गत थानसिंहडीह ओपी क्षेत्र के एक गांव में युवक द्वारा एक नाबालिग किशोरी बच्ची को रात भर जंगल में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर पीड़िता की मां ने थानसिंहडीह ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में किशोरी की मां ने बताया कि 12 सितंबर की रात घर से उनकी बेटी गायब थी। जब वह हो हल्ला करते हुए अपनी बेटी को ढूंढने लगी, तो गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि आपकी बेटी अनिल कुमार नामक युवक के पास है और दोनों को पास के जंगल में देखा गया है। काफी हो हल्ला करने के बाद अनिल के जीजा द्वारा उनकी बेटी को उनके घर के पास छोड़ दिया गया। जब अपनी बेटी से पूछताछ किया तो बेटी ने बताया कि अनिल ने उसे जबरन जंगल में ले जाकर रात भर दुष्कर्म किया। कई बार किशोरी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए उसे बंधक बनाए रखा। लड़की की मां ने थाने में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।
वहीं इस बाबत थानसिंहडीह ओपी प्रभारी नीरज कुमार से फोन पर पूछे जाने पर उन्होने कहा कि मामले में एफआईआर दर्ज किया जा रहा है,आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने भी आरोपी के हिरासत में होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

● **स्थानीय स्तर पर भी मामले को निपटाने का किया गया प्रयास**

मिली जानकारी के अनुसार यह मामला 12 सितंबर यानि बीते शुक्रवार की रात का है। शनिवार को दिन भर मामले को कथित लोगों द्वारा स्थानीय स्तर पर निपटाने का भी प्रयास किया गया। लेकिन मामले की जानकारी चाइल्डलाईन व अन्य संगठनों को हो गई थी। रविवार को चाइल्ड लाइन प्रवेक्षक रंजीत कुमार साव, बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार और एसोसियन फॉर वॉलंटरी एक्सन के अजय पाठक और राजेश सिंह ने उक्त गांव पहुंचकर पीड़िता व उसके परिजन से मुलाकात की। जिसके बाद थाने में आवेदन दिया गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### सियालदह - आसनसोल इंटरसिटी सुपरफास्ट का विस्तार करने की मांग

**रिपब्लिक नेशन। गिरिडीह।** ईस्टर्न रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश जालान ने महाप्रबंधक, पूर्व रेलवे को पत्र लिखकर ट्रेन सं 12383/84 सियालदहझआसनसोल इंटरसिटी सुपरफास्ट का विस्तार न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस विस्तार से गिरिडीह, जमुआ और धनवार क्षेत्र के यात्रियों को पहली बार कोलकाता के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी। आज तक आसनसोल मंडल अधीन गिरिडीह रेलवे स्टेशन से कोलकाता के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं चली है, जो इस बड़े औद्योगिक और स्वास्थ्य केंद्र के लिए गंभीर कमी है।



श्री जालान ने सुझाव दिया कि ट्रेन में अतिरिक्त स्लीपर और वातानुकूलित कोच लगाए जाएँ ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को सुविधा मिल सके।
उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में इस ट्रेन का रखरखाव आसनसोल में किया जा रहा है, जबकि इसे सियालदह में कराया जा सकता है, क्योंकि ट्रेन वहाँ 6 घंटे से अधिक खड़ी रहती है। इस व्यवस्था से ट्रेन को आसनसोल के बाद मधुपुर, न्यू गिरिडीह होते हुए कोडरमा तक बढ़ाना और वापसी में चलाना पूरी तरह संभव है।
उन्होंने जोर देकर कहा कि इस ट्रेन का विस्तार न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और रेलवे राजस्व में भी सकारात्मक वृद्धि करेगा।

## जितिया पर्व को ले ऊंचे रहे हरी सब्जियों के दाम,सतपुतिया 120 के पार



रिपब्लिक नेशन।

**गिरिडीह ।** जीवित पुत्रिका व्रत जितिया को लेकर रविवार को पारंपरिक रूप से प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सब्जियों के मूल्य आसमान छूते रहे। पूरे गिरिडीह जिले के शहरी इलाकों समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जी विक्रेताओं ने महंगी सब्जियां बेच कर खूब कमाई किया।
हालांकि महंगाई के इस दौर में सभी लोगों के लिए सब्जी खाना भी आसान नहीं है। सब्जियों की कीमत में एक बार फिर से बढ़ोतरी इस पर्व को लेकर ही हुई है, यह कहना तो अतिशयोक्ति ही होगी।
वास्तविकता यह है कि प्रत्येक वर्ष इस मौसम में सब्जियों के दाम बढ़ते ही हैं।लेकिन राहत की बात यह है कि इसी महीनो में बाड़ी,खेत आदि विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों से पटी पड़ी रहती हैं। चाहे हम बात करें भिंडी या राम तोरई की या बोदी, करैला,नेनुआ,झींगी,आलू आदि की या फिर जमीन के नीचे उगने वाले ओल, कच्चू या कंदे की।वैसे आज कोई भी हरी सब्जी 60 के नीचे नहीं है। सबसे कम दाम की सब्जी बाजार में 60 किलो मिल रही है, ऐसे में आम आदमी की चिंता बढ़ी हुई है।जबकि बाजार में पर्व के मौके पर लोगों की भीड़ भी कम नहीं दिखाई दे रही है। सब्जी मंडी में लोग यही चर्चा करते हुए दिखे कि आखिर इतनी महंगी सब्जियां वह कैसे खाएंगे।

● **80 रुपये किलो बिक रहा है पटल**

लोगों की पसंदीदा सब्जी में से एक पटल की सब्जी 80 किलो बिक रही है। सब्जी मंडी में पटल इतना महंगा होने के चलते सभी सब्जी वालों के पास दिख भी नहीं रहा है। कद्दू की 80 किलो है, कद्दू की सब्जी भी कम ही दुकानों में दिख रही है। वही टमाटर 80 किलो, भिंडी 60 और करेला 80 किलो मिल रहा है।

● **धनिया ने छुआ आसमान**

शुद्ध शाकाहारी भोजन में अगर चटनी ना हो तो खाने में स्वाद नहीं आ पाता, चटनी के लिए धनिया से अच्छा कुछ नहीं होता है। मगर सब्जी मंडी में धनिया लगभग नहीं के बराबर दिख रहा है। कुछ-कुछ दुकानों में अगर की नजर भी आ रहा है तो इसकी कीमत जानकर लोगों को लेने की हिम्मत नहीं हो रही है। धनिया बाजार में 600 किलो बिक रहा है। दुकानदार ग्राहक को जबरदस्ती धनिया लेने को कह रहे हैं, कि कहीं उनकी पूंजी बेकार ना हो जाए। वही इसके अलावा हरी मिर्ची 150 किलो बाजार में बिक रही है। सब्जी मंडी के दुकानदार यह कहकर मिर्ची बेच रहे हैं कि यह बहुत तीखी है, ज्यादा लेने की जरूरत नहीं है।

# आंगनबाड़ी सेविका ने सीडीपीओ से केंद्र चलाने के लिए भवन की मांग की

## प्रा वि कनौदी के छोटे से वर्ग कक्ष में एक वर्ष से चल रहा है केंद्र, हो रही परेशानी

रिपब्लिक नेशन।



**सूरज कुमार दास /इचाक।** बाल विकास परियोजना इचाक के पोषक क्षेत्र दारू प्रखंड के कनौदी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र चलाने के लिए भवन नहीं। जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 411 को नियमित संचालन में काफी परेशानी हो रही है। इसको लेकर आंगनबाड़ी सेविका स्मृति कुमारी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को एक आवेदन देकर केंद्र के नियमित संचालन हेतु एक सुव्यवस्थित भवन की मांग की है। दिए गए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 411 का भवन नहीं होने के कारण पिछले एक वर्ष से प्रावि कनौदी के एक छोटे से वर्ग कक्ष में सेंटर संचालित है। केंद्र में लगभग तीन दर्जन से अधिक बच्चे नियमित कक्षा में पढ़ने आते हैं। ऐसे में एक ही छोटे से कमरे में पठन पाठन करने, केंद्र संबंधी सामान का रखरखाव, टीका करण एवं टीकाकरण संबंधी समानों का रखरखाव तथा बच्चों के लिए बने ताजा भोजन, नाश्ता के रखरखाव जैसी व्यवस्था में काफी कठिनाई होती है। उन्होंने आवेदन में आगे लिखा है कि विभाग द्वारा कन्वर्जन मद से कनौदी के खाता संख्या 58, प्लॉट संख्या 83 पर कुछ वर्ष पूर्व बना आंगनबाड़ी केंद्र आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। इस संबंध में विभाग को लिखित जानकारी 4 अक्टूबर 2023 को ही दे चुकी हूं। लेकिन विभाग की ओर से आज तक कोई विचार नहीं किया गया।

- **क्या कहती है सीडीपीओ**

इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी से पूछने पर उन्होंने बताया कि कनौदी स्थित केंद्र में भवन की समस्या से अवगत हूं। इस संबंध में हमने जिला को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया है। निर्माणाधीन भवन को शीघ्र ही पूरा कर उसमें केंद्र संचालित किया जाएगा।

बताते चलें कि एक तरफ अधिक बच्चों की उपस्थिति के कारण एक ही कमरे में पठन पाठन और केंद्र संबंधी जरूरी व्यवस्था बनाने में काफी परेशानी हो रही है वहीं दूसरी तरफ वर्षों से निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र लोगों का मुंह चिढ़ा रहा है। जिसपर विभाग अब भी मौन है।

## संक्षिप्त समाचार

### बौधा डैम के सौंदर्य को देख मोहित हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा, बोले- पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित

- **पर्यटन के विकास से स्थानीय स्तर पर होगा रोजगार का सृजन, किसानों को मिलेगा लाभ**





**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने टाटीझरिया के बौधा डैम का निरीक्षण किया। बौधा डैम के प्राकृतिक सौंदर्य को देख वो मोहित हो गए और कहा कि जल्द ही पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए प्रयास करूंगा। टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव, डहरभंगा मुखिया रेखा देवी ने उन्हें ज्ञापन सौंप कर बौधा डैम के फाटक और नहर का जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग की। कहा कि बौधा डैम का फाटक और नहर को दुरूस्त कराने पर इसके पानी से बौधा, छोटा डहरभंगा, बडा डहरभंगा, केसडा, घुघुलिया, टाटीझरिया की बडी आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित हो सकेंगे। तब यहां के खेतों में सालों भर फसलें लहलहाएगी। डैम के सौंदर्यीकरण कार्य होने से यहां आनेवाले पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मुहैया हो सकेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने कहा कि बौधा डैम प्राकृतिक गोद में बसा हुआ है। डैम की खूबसूरती और किनारे के मनोरम दृश्य व पेड-पौधे मनमोहक हैं। डैम के पास मात्र खड़े रहने से शीतल हवाएं मन को मोह लेती है। उन्होंने कहा कि इस डैम को पर्यटन स्थल और जीर्णोद्धार कार्य के लिए वह इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने बौधा डैम को पर्यटन स्थल बनाने से सम्बंधित विषयों को विभाग और अधिकारियों को सुपुर्द करने की बात कही है।

### वन एवं पर्यावरण मेला की तैयारी को ले की गई समीक्षा, दी गई जिम्मेवारी

**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** दुधमटीया वन परिसर में प्रतिवर्ष वन एवं पर्यावरण मेला 7 अक्टूबर को लगाया जाता है। जिसमें सुबह से देर शाम तक वन - पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता



फैलाने का कार्य किया जाता है। इसमें प्रदर्शनी ,झांकी,नृत्य ,गीत,झूमर पेंटिंग आदि सम्मिलित है। इस मेले की तैयारी को लेकर रविवार को समीक्षा बैठक की गई।जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 15 नए बैनर बनवाए जाएंगे,झंडी 30 मीटर कपड़े से बनवाए जाएंगे,सड़क किनारे और मंच पर लगाने के लिए फ्लैक्स बनवाए जाएंगे । विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों में जाकर मेले में भागीदारी निभाने के लिए आमंत्रित करना है। हजारीबाग शहर,रांची समेत अन्य जिलों में भी आमंत्रण पत्र भेजने पर सहमति बनाई गई। निर्णय लिया गया कि मेला क्षेत्र को नशामुक्त क्षेत्र घोषित किया जाएगा। अन्य दिनों में लोग वन परिसर में बैठकर खाना -पीना करते हैं, उनके लिए बैनर और बोर्ड लगाया जाएगा,जिसमें उनके लिए चेतावनी अंकित किया जाएगा।

बैठक में सुरेंद्र प्रसाद सिंह,परमेश्वर प्रसाद यादव,मूलचंद ठाकुर,कालेश्वर यादव,चोलो यादव,शंभू सिंह,सुखदेव पांडेय,मुकेश साव,जगदीशचंद्र यादव,अनिल अग्रवाल,सरफुद्दीन अंसारी,संजीत रविदास,सुरेंद्र प्रसाद,प्रेमचंद गुप्ता,मनीष चौधरी,रवि राणा, खेमलाल प्रसाद,चोलो प्रजापति ,रामेश्वर यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

### जितिया पर्व को लेकर बाजारों में रहा, सब्जियों का भाव रहा गर्म।

- **सतपुतिया 80 वहीं खीरा 50 किलो बिका**

**बड़कागांव /रिपब्लिक नेशन।** जितिया पर्व को लेकर पूरे प्रखंड में लोगों के बीच काफी उल्लास एवं उमंग देखी जा रही है। सभी कोई अपने-अपने स्तर से पर्व को बेहतर करने के लिए तैयारी में जुट गए हैं। इस



त्यौहार में विशेष कर बाजारों में काफी भीड़ देखी गई जिसमें सब्जियों का भाव काफी गर्म रहा। सबसे अधिक बड़का गांव दैनिक बाजार में सतपुतिया 80 किलो बिक्री हुई इसके अलावा कुंदरी 45, पोई साग 40, टमाटर 45, पटल 40, मिर्च 60, कोंहड़ा 40 ,खीरा 50, शिमला मिर्च 100, मूली 30, कद्दू 30, गाजर 40, कंदा 40, कचु 30 ,लहसुन 70 ,भिंडी 40 का भाव रहा। वही माताएं आज अहले सुबह उठकर जितिया देवता का पूजा करेंगे पता अपने बच्चों की लंबी उम्र की कामना भगवान से करेंगे । वहीं जितिया पर्व को लेकर माताएं स्वादिष्ट एवं पोस्टिक व्यंजन बनाएंगे और अपने लोगों के बीच परोसेंगे।

### टाटीझरिया प्रखंड स्तरीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण कमेटी का गठन

- **कौलेश्वर मिश्र बने अध्यक्ष, सचिव कामेश्वर पांडेय, सोनु पांडेय बने कोषाध्यक्ष**

**टाटीझरिया(हजारीबाग)/रिपब्लिक नेशन।** बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में रविवार को प्रखंड स्तरीय समिति के गठन को लेकर कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक ब्राह्मण समाज के जिला प्रभारी बद्रीनाथ पांडेय



की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता नंदकिशोर पांडेय, संरक्षक दल के प्रदेश प्रमुख लक्ष्मी पांडे, जिला संरक्षक दमोदर पांडेय, प्रदेश सदस्य रामेश्वर पांडेय, सोनु पांडेय उपस्थित हुए। बैठक में प्रखंड अंतर्गत झरपो, भराजो, डुमर, अमनारी, खैरा, बौधा, खैरिका, बेड़म समेत अन्य गांव के कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। बैठक में अध्यक्ष पद के लिए कौलेश्वर मिश्र, सचिव कामेश्वर पांडेय, कोषाध्यक्ष सोनु पांडेय डुमर को सर्वसम्मति से चयन किया गया। चयन के बाद सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर शपथ दिलाया गया। बैठक के दौरान समाज के विकलांग, विधवा, गरीब कन्याओं का विवाह एवं अन्य प्राकृतिक दुर्घटना से पीड़ित लोगों को आर्थिक मदद से लेकर हर तरह का सहयोग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में देवेन्द्र पांडेय, सुरेश पांडेय, परमानंद पांडेय, सुधीर पंडा, संदीप पांडेय, छक्कन पांडेय, सुरेश मिश्रा, विकास मिश्रा, कृपाशंकर पांडेय, सुखदेव पांडेय समेत ब्राह्मण समाज के कई लोग शामिल रहे।

अब तक प्रखंड में कान्यकुब्ज ब्राह्मणों की एक ही कमिटी संचालित थी। रविवार को टाटीझरिया कान्यकुब्ज ब्राह्मण समिति का दो गुट साफ नजर आया। सम्मिलित रूप से ब्राह्मणों ने 12 सितंबर की रात झरपों में बैठक कर यह निर्णय लिया था कि प्रदेश स्तर की कमिटी जब एक हो जाएगी ,तब ही प्रखंड स्तर पर नई कमिटी का गठन होगा। रविवार को उक्त कमिटी के निर्णय को धत्ता दिखाते हुए एक धड़ा ने नई कमिटी बना लिया।

## गांधी मैदान में डिजनीलैंड मेले का भव्य आगाज, दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ के अवसर पर बस गया छोटा-सा भारत

### हजारीबाग में बस गया छोटा-सा भारत, उत्सव और संस्कृति का संगम : प्रदीप प्रसाद

अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन।



हजारीबाग,शहर के गांधी मैदान मटवारी में डिजनीलैंड मेले का भव्य शुभारंभ रविवार को आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद वही विशिष्ट अतिथि राकेश गुप्ता द्वारा फीता काटकर इस मेले का उद्घाटन किया गया। दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के शुभ अवसर पर आयोजित इस मेले में पूरे भारत की झलक देखने को मिल रही है। कुछ दिनों के लिए मानो छोटा भारत गांधी मैदान में बस गया हो। झारखंड के हजारीबाग में इस तरह का मेला पहली बार आयोजित किया गया है। मेले का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाना है। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह मेला हजारीबाग के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन न केवल स्थानीय प्रतिभाओं और कारीगरों को मंच प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा देगा। मेले में देश के विभिन्न राज्यों जैसे पंजाब, असम, गुजरात, झारखंड, बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश के कारीगरों की उत्कृष्ट वस्तुओं की प्रदर्शनी और बिक्री हो रही है। सोफा, पलंग, लकड़ी का सामान, बांस और रेडीमेड कपड़े, कालीन, ज्वेलरी, अचार, पापड़, केटलरी और टैडीबेयर जैसी आकर्षक वस्तुएँ लोगों का ध्यान खींच रही हैं। इसके साथ ही मेले में देसी और विदेशी झूले भी सजाए गए हैं। ब्रेक डांस झूला, मिक्की माउस, रशियन झूला, अजमेरी झूला और नौका झूला बच्चों और युवाओं के लिए रोमांच और उत्साह का केंद्र बने हुए हैं। खाने-पीने के लिए भी स्वादिष्ट स्टॉल्स की व्यवस्था की गई है, जहाँ पिज्जा, बर्गर, चाट, भेलपुरी, गोलगप्पे, आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक का आनंद लिया जा सकता है। इस मेले का सफल संचालन आशीष कुमार, मिथिलेश प्रसाद, मुकेश कुमार और शुभम की देखरेख में किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि उनका प्रयास है कि हजारीबाग की जनता को मनोरंजन, संस्कृति और व्यापार का एक साथ अनुभव प्राप्त हो और स्थानीय कारीगरों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिले।

मौके पर समाजसेवी मनोज कुमार सिन्हा,रिंकू वर्मा,कांग्रेस नेत्री कोमल कुमारी,सुनील गुप्ता,अजय कुमार,चंदन सिंह,भास्कर राहुल सहित कई लोग मौजूद रहें।

## रक्सौल स्थानीय कावेरी होटल में लायंस क्लब ऑफ रक्सौल की बैठक क्लब हुआ



**रिपब्लिक नेशन राजेश कुमार**/रक्सौल अध्यक्ष लायन बिमल सर्राफ की अध्यक्षता में डांडिया उत्सव आयोजित करने को लेकर हुई।क्लब सचिव लायन मोहम्मद निजामुद्दीन, क्लब कोषाध्यक्ष लायन अमित कुमार, जोन चेयरपर्सन लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया ,लायन गणेश धानोठिया,लायन संजय गुप्ता,लायन नारायण रुंगटा,लायन पवन किशोर कुशवाहा,लायन हरीश खत्री,लायन सुमित भरतिया,लायन बसंत जालान,लायन राजू गुप्ता,लायन पंकज बरनवाल, लायन विजय कुमार,लायन प्रियंका सोनी,लायन सीमा बरनवाल,लायन सुशीला धानोठिया,लायन रेणु रुंगटा,लायन सरिता खत्री आदि की उपस्थिति रही।चर्चा-परिचर्चा के उपरांत सर्व सहमति से ये निर्णय लिया गया कि विजयादशमी के दिन गुरुवार दिनांक 02 अक्टूबर को सायं 05.30 बजे से स्थानीय एस ए वी स्कूल,लक्ष्मीपुर के प्रांगण में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक नए रूप में आयोजन देखने को मिलेगा। जिसकी जानकारी लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी लायन बिमल सर्राफ ने प्रेस से साझा की।

## चोराटांड़ फुटबॉल टीम ने सेहदा फुटबॉल टीम को 1-0 से हराकर शिबू सोरेन फुटबॉल प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया

### जिला प्रशासन बड़का गांव में मैदान चिन्हित करें , स्टेडियम बनवाने का प्रयास करूंगा - संजीव बेदिया

रिपब्लिक नेशन।

बड़कागांव प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सेहदा गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से स्वर्गीय शिबू सोरेन फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया जिसमें चोराटांड़ की टीम ने सेहदा की टीम को 1-0 से हराकर प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया। तृतीय स्थान साँढ़वांहा एवं चतुर्थ स्थान बनवार को प्राप्त हुआ।

मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह के हाथों विजेता, उपविजेता, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को खस्सी एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का आदिवासी समुदाय के द्वारा पारंपरिक तर-ीके ढोल नगाड़ों के साथ सुखवा पत्ते से बना



टोपी एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर संजीव बेदिया ने कहा कि बड़कागांव में एक भी स्टेडियम नहीं है ,जिला प्रशासन मैदान चिन्हित करें ,मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात कर स्टेडियम बनवाने का प्रयास करूंगा यहां के खिलाड़ियों को अच्छा प्लेटफार्म मिले तो आगे चलकर नाम रोशन कर सकते हैं।

वही संजय सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मेरी ओर से सहयोग किया जाएगा, जहां भी मेरी आवश्यकता पड़े मैं आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। खेल एवं शिक्ष एक दूसरे के पूरक हैं ,युवा लोग विशेष ध्यान दें और अपना करियर भी बनाएं। प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले खिलाड़ियों एवं रेफरी ,लेंसमेंन को भी सम्मानित किया गया। सभी 16 टीम के खिलाड़ियों को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से जर्सी देकर दिया गया।मंच संचालन महादेव हंसदा एवं इंद्रदेव राम ने किया।

मौके पर आयोजक टीम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष चुरामन गंझु, इंद्रदेव राम ,सचिव राजेश हंसदा, झारखंड मुक्ति मोर्चा सोशल मीडिया आईटी सेल सदस्य संजय भुईंया, फलेंद्र गंझु, विजय सोरेन, इलियास अंसारी, बैजनाथ कुमार, विकास भोक्ता, सुरेश हंसदा, विजेंद्र हंसदा, अजय हंसदा ,महेश गंझु, कैलाश गंझु,दीपक हेंब्रम, प्रदीप हेंब्रम, लखन गंझु, महालाल हेंब्रम, नरेश भोक्ता, महादेव गंझु, राजकुमार मरांडी, अनिल गंजू ,कृष्णा भोक्ता, विनोद हंसदा, प्रदीप हंसदा, राजकुमार मरांडी, आनंद हेंब्रम, प्रकाश कुमार, सुनील कुमार महतो, विनोद महतो आदि उपस्थित थे।

## राजेश गुप्ता बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के मधुबनी जिला उपाध्यक्ष

- **सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं**

**रिपब्लिक नेशन।** मधुबनी जिला के जयनगर निवासी श्री राजेश गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति पार्टी के प्रति उनकी लंबे समय की सेवा, निष्ठा और राष्ट्रभक्ति को ध्यान में रखते हुए की गई है।इस अवसर पर राजेश गुप्ता ने कहा कि उनकी प्राथमिकता भाजपा संगठन को जमीनी एवं बूथ स्तर तक मजबूत और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि वे समाज के सभी वर्गों—विशेषकर युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं वंचित



वर्गों—को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। साथ ही, एनडीए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा संगठन को सशक्त, संघर्षशील और जुझारू बनाना तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को यथोचित सम्मान देना उनकी प्राथमिकता रहेगी।भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभांशु झा द्वारा हाल ही में ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यसमिति की सूची जारी की गई, जिसमें श्री राजेश गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि श्री गुप्ता विगत कई वर्षों से सक्रिय राजनीति में कार्यरत हैं और संगठन के विभिन्न स्तरों पर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं।बधाई देने वालों में खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद, विधानसभा संयोजक हरिचंद्र शर्मा, विधानसभा प्रभारी सरोज कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रमीला पूर्वे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेश झा, जिला मंत्री संजय कुमार महतो, जिला मंत्री माला तिवारी, दक्षिणी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार उर्फ उद्धव कुँवर, उत्तरी अध्यक्ष राम कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष सूरज गुप्ता, चमन कुमार, आशुतोष कुमार, मोती लाल यादव, धर्मेंद यादव, किशुन देव सहनी, अरविंद तिवारी, गणेश पासवान, गोपाल पूर्वे, रामजी गुप्ता, गोपाल सिंह सहित अन्य है।

## जयनगर में धूमधाम से मनाया गया जितिया लोक पर्व

रिपब्लिक नेशन।

मधुबनी जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में लोकपर्व जितिया पर्व धूमधाम से मनाया गया। दिन भर निर्जला रह कर माताओं ने पुत्र की लंबी उम्र की कामना की। बता दें कि आश्विन मास के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को पुत्र की लंबी आयु, आरोग्य लाभ व सर्व विध कल्याण के लिए स्त्रियां इस पर्व को मनाती हैं। इसे जीवितपुत्रिका और जिमूतवाहन व्रत भी कहा जाता है। इस पर्व को लेकर आज देर शाम तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों, तालाबों प कूपों के समीप भक्ति का माहौल बना रहा। वहीं पुत्र की दीर्घायु एवं मंगलकामना हेतु मंदिर परिसर में व्रती महिलाओं का तांता लगा रहा। महिलाओं ने मंदिर जिमूतवाहन की कथा सुनी। कमलानदी के पास पर्ण कुटी मंदिर में बड़ी संख्या महिलाओं ने पूजा-अर्चना की।जयनगर के विभिन्न जगहों में यह पर्व धूमधाम से मनाया गया।



## हजारीबाग में कृषक मित्र की जिलास्तरीय बैठक संपन्न, राजू राणा बने जिलाध्यक्ष

### कृषक मित्रों के साथ सरकार कर रही है अन्याय,न्याय के लिए जाएंगे न्यायालय - सुभाष सिंह

अविरल लाल,रिपब्लिक नेशन।

**हजारीबाग ।** आज हजारीबाग प्रेस क्लब सभागार में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कृषक मित्र संगठन की जिलास्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमल किशोर सिंह ने की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह एवं कोडरमा कृषक मित्र के जिलाध्यक्ष पप्पू यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।बैठक में जिले भर से आए कृषक मित्रों ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। सर्वसम्मति से संगठनात्मक चुनाव कराए गए, जिसमें राजू राणा को हजारीबाग कृषक मित्र का जिलाध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर उपस्थित कृषक मित्रों ने खुशी जाहिर की और उन्हें बधाई दी। संगठन के सदस्यों ने कहा कि कृषक मित्र किसानों और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाते हैं, ऐसे में संगठन को मजबूत करना बेहद आवश्यक है।



बैठक में कृषि से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित कृषक मित्रों ने कहा कि आज किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, बीज-खाद की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था, फसल बीमा तथा कृषि उपकरणों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इन मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराने और किसानों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया गया।

प्रदेश महासचिव सुभाष सिंह ने कहा कि कृषक मित्र सिर्फ किसानों की समस्याओं को समझने और उन्हें सरकार तक पहुंचाने का ही काम नहीं करते, बल्कि किसानों को नई तकनीक और योजनाओं की जानकारी देकर खेती को लाभकारी बनाने में भी योगदान देते हैं। उन्होंने जिले में नए जिलाध्यक्ष के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की और संगठन को और सशक्त बनाने का आ''ान किया।वहीं उन्होंने कहा कि सरकार के उदासीन रवैए से हम सभी कृषक मित्र में काफी असंतोष की भावना है । हमलोगों पर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है । अगर ऐसी स्थिति रही तो हमलोग उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी बातों को रखेंगे ।

अंत में जिलाध्यक्ष बने राजू राणा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।बैठक में मुख्य रूप से कमलेश कुमार सिंह, नारायण प्रजापति, राजकुमार भुइंया, श्यामा, नारायण यादव, सुबोध कुमार, चौबे राम, रवि कुमार, रविन्द्र राणा सहित भारी संख्या में कृषक मित्रों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची से पूर्णिया के लिए नया विमान 17 से

**रांची।** रांची से पूर्णिया के लिए नया विमान 17 सितंबर से शुरू होगा। यह विमान रांची से पूर्णिया वाया कोलकाता होकर जाएगी। शनिवार को आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंडिगो एयरलाइंस ने यह सेवा उड़ान योजना के तहत आरंभ कर रही है। विमान रांची से सुबह 7.40 बजे रवाना होकर कोलकाता जाएगा। वहां से पूर्णिया दिन के 1.40 बजे पहुंचेगा। पूर्णिया से विमान 2.30 बजे रवाना होकर वाया कोलकाता होकर रात 8.40 बजे रांची आएगा।




### बलिदान राम भगवान केरकेट्टा की 27वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**पश्चिमी सिंहभूम।** कारगिल युद्ध के वीर शहीद (बलिदान) राम भगवान केरकेट्टा की 27 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आदिवासी उरांव समाज संघ के तत्वाधान में चाईबासा के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित बलिदान की प्रतिमा स्थल पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बलिदान राम भगवान केरकेट्टा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर बलिदान की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर उरांव समाज संघ के अध्यक्ष संचू तिर्की ने कहा, हमारे समुदाय के लिए यह गर्व की बात है कि बलिदान राम भगवान केरकेट्टा ने देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। यह हमारे लिए दुख की बात है कि आज वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धांजलि सभा में बलिदान की पुत्रियां सुनीता केरकेट्टा और गायत्री केरकेट्टा ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, पापा पर हमें गर्व है। वे एक सच्चे देशभक्त थे। उनकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता, लेकिन उनका बलिदान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में उनके बड़े भाई प्रकाश केरकेट्टा उसी स्थान पर तैनात हैं, जहां उनके पिता ड्यूटी पर थे। कार्यक्रम में आदिवासी उरांव समाज की महिला समिति सहित सैकड़ों की संख्या में समुदाय के लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बलिदान को नमन करते हुए उनके अद्वितीय योगदान को याद किया।

### जमशेदपुरः 10वीं और 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला में राज्य सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तर पर आयोजित समारोह में 10वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के दस छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए उन्हें लैपटॉप, मोबाइल फोन और चेक प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री की ओर से पहले ही सम्मानित किया जा चुका है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा के सेकेंड और थर्ड रैंक धारकों को सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को 2-2 लाख रुपये का चेक और तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को 1-1 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। उपायुक्त ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास से जीवन में सफलता निश्चित मिलती है। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने सपनों को पूरा करने के साथ-साथ जिले और राज्य का नाम भी रोशन करें। यह उपलब्धि आपके माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा आपके परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक लाना नहीं है, बल्कि एक अच्छा इंसान बनकर समाज की सेवा करना भी है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि आप सभी भविष्य में राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### दवा नहीं दवा के खाली कार्टन को जलाया गयाः डॉ. जयंतो कुमार

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित जगन्नाथपुर अनुमंडल मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को दवाओं के कई अधजले कार्टन मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिला मुख्यालय चाईबासा से भेजी गई दवाएं लंबे समय तक गोदाम में रखी-रखी एक्सपायर हो गईं और मामले को दबाने के लिए उन्हें जला दिया गया। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. जयंतो कुमार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केवल खाली कार्टन जलाए गए हैं, दवाओं को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। अस्पताल के दौरे के दौरान देखा गया कि परिसर में 10 से अधिक कार्टन जले पड़े थे, जिनमें से कई अधजले थे और उन पर सील भी लगी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि इनमें दवाएं भी शामिल थीं, जिनकी बड़ी संख्या एक्सपायर हो चुकी थी। इस घटना से यह सवाल उठने लगे हैं कि आखिर दवाएं समय पर मरीजों तक क्यों नहीं पहुंच पातीं और क्यों उन्हें एक्सपायर होने तक गोदाम में पड़ा रहने दिया जाता है। वहीं, स्वास्थ्य प्रभारी का कहना है कि मामले को तूल न दिया जाए क्योंकि यह केवल खाली पैकेजिंग सामग्री थी। अब यह पूरा मामला जांच का विषय है।

# सरकारी अस्पताल से बाहर निजी प्रैक्टिस करनेवाले डॉक्टरों पर गिरेगी गाज : मंत्री

**एजेंसी। रांची**

रिम्स सहित राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में ड्यूटी करनेवाले डॉक्टरों पर गाज गिरेगी। ड्यूटी के दौरान अस्पताल से बाहर निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह बातें स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स सभागार में कही। मंत्री शनिवार को राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रांची में शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने रिम्स की बेहतरी के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही 16 अहम एजेंडों पर समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाने की है। इसके लिए हर स्तर पर ठोस बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में यह सुधार अभियान लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में मरीजों को बेहतर इलाज और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।




मौके पर उन्होंने रिम्स की व्यवस्था सुधारने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन तत्काल रिम्स में एमआरआई मशीन की खरीद प्रक्रिया को पूरा करें। ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटीलेटरों को मरम्मत किया जाए या बदलने की कार्रवाई यथाशीघ्र पूरा हो। मंत्री ने रिम्स की साफ-सफाई और बिल्डिंग की मरम्मत पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। बैठक में शाही परिषद की अगली बैठक आगामी नौ अक्टूबर को आयोजित करने पर सहमति बनी। इसमें शेष प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा होगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि बैठक में किए गए समीक्षा के अनुसार निदेशक को कई बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। जिनमें जल्द ठोस सुधार दिखाई देंगे।

वहीं, रिम्स निदेशक ने इस बैठक को सकारात्मक और परिणाम दायक बताया। निदेशक ने भरोसा दिलाया कि आनेवाले दिनों में अस्पताल की व्यवस्था में बड़ा बदलाव दिखेगा। बैठक में मुख्य रूप से जस्टिस अमरेश्वर सहाय, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, स्थानीय विधायक सुरेश कुमार बैठा, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति, रिनपास निदेशक, वित्त विभाग के प्रधान सचिव, प्रमंडलीय आयुक्त और रिम्स निदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## बेनीबाद भटगामा मोड़ पर शहीद पिन्टू सहनी चौक का ग्रामीणों ने लगाया बोर्ड, दी श्रद्धांजलि

**दीपक कुमार ।गायघाट।** शहीद पिन्टू सहनी सामाजिक संस्थान₹ के बैनर तले बेनीबाद थाना क्षेत्र के भटगामा मोड़ पर मधुरपट्टीझ भटगामा नाव हादसा में शहीद हुए लोगों की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. ब्रह्मानंद सहनी रहे, जबकि अध्यक्षता महेश कुमार सहनी ने की। इस अवसर पर सत्यनारायण कुमार, वकील सहनी, मनोज सहनी, शिवनारायण, दुखनी देवी, पुकार सहनी, शिव कुमार, रामू सहनी, लालू सहनी, राजगीर कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

सभी वक्ताओं ने नाव हादसे में अदम्य साहस और मानवता का परिचय देने वाले शहीद पिन्टू सहनी को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि पिन्टू सहनी ने अपनी जान की परवाह किए बिना दूसरों की जिंदगी बचाने का कार्य किया, जो मानवता का अद्वितीय उदाहरण है।

सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भटगामा मोड़ पर ₹शहीद पिन्टू सहनी चौक₹ कहा जाय जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उन्हें मानवता और बलिदान के प्रतीक के रूप में याद रख सकें। उसके बाद ग्रामीणों ने शहीद पिन्टू सहनी चौक का बोर्ड लगा दिया।

# महिला समूहों को मिला ट्रैक्टर और छोटा हाथी

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित गोइलकेरा प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के तहत आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के अंतर्गत दो महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए ट्रैक्टर और छोटा यात्री वाहन (छोटा हाथी) प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि मंझगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत मांझी ने गोटाम्बा की ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह को छोटा हाथी और कोनैना की सर्ना महिला स्वयं सहायता समूह को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। योजना के अंतर्गत समूहों को 50 प्रतिशत सब्सिडी पर यह सुविधा दी गई है ताकि महिलाएं अपने स्तर पर स्वरोजगार शुरू कर सकें। इस मौके पर विधायक जगत माझी ने कहा कि सरकार की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा जब महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ती हैं तो न केवल उनका जीवन सुधरता है, बल्कि पूरा समाज मजबूत होता है। विधायक ने समूहों की महिलाओं को आपसी समन्वय से वाहन संचालन करने की सलाह दी और भरोसा दिलाया कि आगे भी स्वरोजगार से संबंधित किसी भी जरूरत पर वे सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। महिला समूहों की सदस्यों ने भी विधायक को भरोसा दिलाया कि वे वैध और जिम्मेदारीपूर्ण तरीके से वाहनों का संचालन करेंगी, जिससे गांव के अन्य लोगों को भी फायदा पहुंच सके। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, झामुमो जिला उपाध्यक्ष अकबर खान, जेएसएलपीएस के बीपीएम मुमताज आलम, विवेक अनुज मुंडा, रासबिहारी, गीता गागराई, मंजू कायम, रासमनी हस्सा सहित बड़ी संख्या में महिला समूहों की सदस्याएं मौजूद थीं।

# नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष इको फ्रेंडली पंडाल का करेगी निर्माण

**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में शारदीय नवरात्र की रौनक धीरे-धीरे चरम पर पहुंच रही है। 22 सितंबर को कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा की उपासना का नौ दिवसीय पर्व शुरू होगा। दुर्गा पूजा को लेकर शहर के अलग-अलग जगहों पर पंडाल निर्माण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। इसी क्रम में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति लोअर चुटिया में इस बार भी भव्य पूजा का आयोजन किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल से आए 25 से ज्यादा कारीगर पंडाल को अंतिम रूप देने में दिन रात जुटे हुए है। 50 प्रतिशत से ज्यादा पंडाल का निर्माण हो चुका है। समिति के संरक्षक राजकुमार महतो ने शनिवार को बताया कि इस बार पंडाल की थीम है कि मां दुर्गा नाव पर सवार दिखेंगी। इस प्रारूप का निर्माण बांस और हुगला पत्ता से किया जा रहा है। पंडाल पूरी तरह से ईको फ्रेंडली होगा। पूजा आयोजन में लगभग 15 लाख रुपये से ज्यादा के खर्च का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पंडाल निर्माण में आठ लाख, प्रतिमा में 81हजार, साउंड में एक लाख, भोग भंडारा में दो लाख, अन्य खर्च 3.2 लाख कुल खर्च 15 लाख रुपये आएगा। उन्होंने बताया कि पंडाल की ऊंचाई 50 फीट, चौड़ाई 70 फीट और लंबाई 80 फीट होगी।



उन्होंने बताया कि मां भवानी की प्रतिमा का निर्माण कोलकाता के हुगली निवासी कार्तिक चित्रकार कर रहे हैं। मां दुर्गा महिषासुर का वध करते हुए नजर आएंगी। मूर्ति की ऊंचाई 14 फीट और चौड़ाई 18 फिट होगी। मूर्ति भी इको-फ्रेंडली रहेगी। कपड़ा और श्रृंगार भी मिट्टी से ही बने होंगे। विधिवत्त पूजा होगी। 28 सितंबर को शाम में पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। पूजा के दौरान आरती के बाद भोग का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मिथिलेश गोप, राधेश्याम केसरी, प्रमोद गोप, छत्रधारी महतो, अरविंद महतो, संजय प्रसाद, मनोज गोप, गोपाल ठाकुर, दीपक प्रसाद, प्रदीप चौधरी, रवि गोप सहित अन्य सदस्य जुटे हुए हैं।

# एसआर डीएवी स्कूल में मना हिंदी पखवाड़ा और हिंदी दिवस

**एजेंसी। रांची**

एसआर डीएवी स्कूल,पुंदाग में हिंदी पखवाड़ा और हिंदी दिवस के अवसर पर शनिवार को कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने हिंदी विभाग के अध्यापक और अध्यापिकाओं के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित करके हिंदी दिवस समारोह के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कक्षा छह की दिव्यांशी नाथ और कक्षा 10 वीं की अनन्या कुमारी ने मधुर संगीत प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा तीसरी से कक्षा पंचम तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न साहित्यकारों की वेश - भूषा में फैंसी ड्रेस में भाग लिया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदी पूरे विश्व में सबसे अधिक बोली जानेवाली चौथी भाषा है,जिसका प्रचार - प्रसार दिनों - दिन बढ़ता ही जा रहा है। हमें इस बात का गर्व होना चाहिए। भारत के लगभग 57 प्रतिशत लोग इसी भाषा में विचारों का आदान -प्रदान करते हैं।इसका व्यावसायिक महत्त्व भी बढ़ता ही जा रहा है,जिससे इस भाषा के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है।




उन्होंने शिक्षक समुदाय से कहा कि वे विद्यार्थियों को हिंदी के क्षेत्र में बढ़ रहे रोज़गार के अवसरों की भी जानकारी दें। वे अपने विकास के लिए पठन - मनन - चिंतन ज़ारी रखें और विद्यार्थियों को भी अधिक से अधिक लाभ पहुंचाएं। सभी शिक्षक अपने विषय में अध्ययनशील रहें। हिंदी पखवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षक - शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शांति पाठ के साथ सभा समाप्त हुई।

# गीता हर धर्म के व्यक्ति को सही जीवन जीने की सिखाती है कला : मां चैतन्य मीरा

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन का श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**एजेंसी। रांची**

मारवाड़ी महिला मंच रांची शाखा की रजत जयंती वर्ष पर मारवाड़ी महिला सम्मेलन की ओर से महाराजा अग्रसेन भवन में शनिवार को आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य समापन विश्राम आरती के साथ सपन्न् हुआ। कथा के अंतिम दिवस में मां चैतन्य मीरा ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि गीता जीवन का ऐसा सार है, जो हर धर्म के व्यक्ति को सही जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि सच्ची मित्रता वही है, जिसमें ईर्ष्या या द्वेष की भावना न हो। ऐसे में वर्षों बाद मिलने पर भी वही प्रेम बना रहे।

इस अवसर पर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने सफल आयोजन पर मारवाड़ी महिला सम्मेलन की सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का नित्य अध्ययन जीवन की जटिल समस्याओं के समाधान का मार्ग दिखाता है। इससे न केवल पाप नष्ट होते हैं, बल्कि इसमें भरा गहन ज्ञान जीवन को दिशा देने में सहायक होता है। उन्होंने सभी को गीता का नित्य पाठ करने और इसे आचरण में उतारने की प्रेरणा दी।



समापन अवसर पर संस्था की सभी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया गया, ताकि समाज में पर्यावरण संरक्षण का संदेश जा सके। कथा के बाद भक्तों ने सामूहिक आरती कर यजमानों की ओर से आचार्यों से हवन कराया गया। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण और भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरा बथवाल, रूपा अग्रवाल, गीता डालमिया, अनसूया नेवटिया, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया सहित अनेक बहनों ने योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और विभिन्न वर्गों से आए श्रद्धालु मौजूद थे।

# श्री श्याम मंदिर में 170वां भंडारा संपन्न सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**एजेंसी। रांची**

रांची के हरमू में श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 170वां भव्य भंडारा आयोजित किया गया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में खाटूनरेश की जय, श्याम बाबा की जय सहित अन्य के जयघोष से वातावरण भक्तिमय रहा। श्रद्धालुओं को भंडारे में दाल-बाटी-चूरमा, चौखा और खीर-चूरमा का विशेष प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर और आसपास की सड़कों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। लगभग ढाई हजार से अधिक सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना और पोशाक बागा सेवा से हुई, जिसमें अमित मनीषा अग्रवाल ने बाबा श्याम सहित देवी-देवताओं को नवीन पोशाक अर्पित की।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा कि श्याम भक्ति और सेवा भावना का यह आयोजन समाज को जोड़ने का काम करता है। इस परंपरा को निरंतर बनाए रखना ही सबसे बड़ी साधना है।

मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका ने बताया कि लगातार 170वें भंडारे का आयोजन भक्तों की सेवा भावना का प्रतीक है। हमें गर्व है कि हर बार की तरह इस बार भी हजारों भक्तों ने बाबा श्याम के प्रसाद का आनंद लिया। महामंत्री गौरव अग्रवाल ने कहा कि भक्तों की सेवा ही हमारी सबसे बड़ी साधना है। भंडारे का प्रसाद पूरी शुद्धता और परंपरा के साथ तैयार किया गया। इस अवसर पर मंडल पदाधिकारी अशोक लड़ियां, मनोज खेतान, विश्वनाथ नारसरिया, श्यामसुंदर शर्मा, विष्णु चौधरी, प्रवीण सिंघानिया, अनुज मोदी, पवन केडिया, कमलेश साव सहित 50 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया, बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहित अन्य लोग मौजूद थे।




# ग्रामीण के खिलाड़ियों को सीखने व निखरने का मिले अवसर : निदेशक शशि रंजन

**एजेंसी। रांची**

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, के प्रेक्षागृह में राज्य के सभी 24 जिलों से आए खेल कोषांग के प्रतिनिधियों की बैठक शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक शशि रंजन ने की।

इस अवसर पर प्रत्येक जिले के खेल प्रभाग प्रभारी, एपीओ, एडीपीओ और जिला खेल कोषांग के चार सदस्य (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) उपस्थित रहे। बैठक में निदेशक ने जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के सफल संचालन और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन इस प्रकार हो कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले खिलाड़ियों को सीखने और निखरने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि जिला समिति का लक्ष्य होना चाहिए कि खिलाड़ी न केवल राज्य स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करें। सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि उनके विद्यालय के खिलाड़ी खुली चयन प्रक्रिया में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। प्रत्येक जिला अपने किसी एक विशेष खेल को प्राथमिकता देकर उस क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान बनाएं।



निदेशक ने यह भी बताया कि पिछले तीन वर्षों से शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता का सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि हमारे खिलाड़ी अग्निवीर आर्मी भर्ती जैसे अवसरों में लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रखंड और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ी खेल गतिविधियों में शामिल हो सकें। बैठक में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने जिला खेल कोषांग की भूमिका और दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल आयोजन पूर्णतः पारदर्शी हो। किसी भी खिलाड़ी के साथ भेदभाव या अन्याय न हो । उन्होंने कहा कि आयोजन संबंधी सभी रिपोर्ट समय-समय पर राज्य कार्यालय को प्रस्तुत की जाए।

## उत्तराखंड में पर्यटन के लिए केंद्र और एडीबी ने 126 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्र सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को उत्तराखंड के टिहरी झील क्षेत्र में सतत और जलवायु-लचीले पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 126.4 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना उत्तराखंड के सबसे जलवायु-संवेदनशील और आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों में से एक टिहरी गढ़वाल जिले को लक्षित करती है। इस समझौते पर भारत सरकार की ओर से वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और एडीबी की ओर से भारत निवासी मिशन के प्रभारी अधिकारी काई वेई येओ ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य राज्य के सबसे अधिक जलवायु-संवेदनशील और आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों में से एक, टिहरी गढ़वाल जिले में ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना और पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इसका उद्देश्य बेहतर पर्यटन योजना, उन्नत बुनियादी ढांचे, बेहतर स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन, और आपदा तैयारी के माध्यम से 87,000 से अधिक निवासियों और 27 लाख वार्षिक आगंतुकों को लाभान्वित करना है। इसके प्रमुख कार्यक्रमों में संस्थागत सुदृढ़ीकरण, जलवायु-लचीला बुनियादी ढांचा, भूस्खलन और बाढ़ के जोखिम को कम करने के लिए प्रकृति-आधारित समाधान तथा महिलाओं, युवाओं और निजी क्षेत्र के नेतृत्व में समावेशी पर्यटन सेवाएं शामिल हैं।

## जीएसटी सुधार से खनन क्षेत्र में आवास और लघु उद्यमों को बढ़ावा मिलेगा

नई दिल्ली। खनन क्षेत्र से संबंधित वस्तुओं के लिए नई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों और स्लैब का आवास उद्योग और लघु उद्योगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नई दरों के तहत मार्बल और ट्रैवर्टीन और ग्रेनाइट ब्लॉक पर अब 5 फीसदी वस्तु एवं सेवा कर लगेगा, जबकि पहले यह दर 12 फीसदी थी। खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि जीएसटी दरों में कमी से आवास क्षेत्र को लाभ होगा, क्योंकि मार्बल और ग्रेनाइट का उपयोग आवास उद्योग में बड़े पैमाने पर होता है। ग्रेनाइट और मार्बल का खनन राजस्थान, गुजरात और कर्नाटक जैसे राज्यों में होता है। सैंड लाइम ब्रिक्स या स्टोन इनले वर्क पर जीएसटी दरों में कमी से कम लागत वाले आवासों की निर्माण लागत, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में और कम करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा खान मंत्रालय से संबंधित सेवाओं पर जीएसटी दरों की सिफारिशों के संदर्भ में देश के भीतर माल के मल्टी मॉडल परिवहन की आपूर्ति के लिए वस्तु एवं सेवा कर दरों को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी (प्रतिबंधित ऋण के साथ) करने से खनन और खनिज उद्योग, विशेष रूप से लौह अयस्क को लाभ होगा, जिसमें लंबी दूरी की आवाजाही शामिल है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक अंतिम रूप ले लेगा :पीयूष गोयल

नई दिल्ली/पटना। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण नवंबर तक अंतिम रूप ले लेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वार्ता आगे बढ़ रही है, उससे दोनों पक्ष संतुष्ट हैं। गोयल ने बिहार की राजधानी पटना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार समझौते को नवंबर तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ रही है, जिसकी पुष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों ने भी की है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री की ये टिप्पणी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सोशल मीडिया पर सकारात्मक बातचीत के एक दिन बाद आई है। उन्होंने कहा कि इसी साल फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप दोनों ने अपने मंत्रियों को नवंबर तक समझौते के पहले भाग को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था।गोयल ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यही बात दोहराई थी। उन्होंने कहा कि भारत संभावित व्यापार समझौतों के लिए अमेरिका और न्यूजीलैंड के साथ सक्रिय रूप से चर्चा कर रहा है।

## फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 फीसदी किया

नई दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है। इससे पहले फिच ने 6.5 फीसदी की दर से भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ने का अनुमान जताया था। फिच ने सितंबर के लिए जारी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य (जीईओ) में अप्रैल-जून तिमाही के जीडीपी परिणाम (7.8 फीसदी की वृद्धि) को देखते हुए मजबूत वृद्धि और घरेलू मांग के चलते 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने पूर्वानुमान को 6.5 फीसदी से संशोधित कर 6.9 फीसदी कर दिया है। यह जून, जीईओ में 6.7 फीसदी के पूर्वानुमान से काफी ज्यादा है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च और जून तिमाहियों के बीच आर्थिक गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हुई है। वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही के 7.4 फीसदी से बढ़कर सालाना आधार पर 7.8 फीसदी हो गई है। फिच ने कहा कि अप्रैल-जून के नतीजों के आधार पर चालू वित्त वर्ष के लिए जारी जीडीपी दर अनुमान को संशोधित करके 6.9 फीसदी किया गया है।

# ऑस्टेरे सिस्टम्स की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री, मजबूत लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

एजेंसी
नई दिल्ली। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनी ऑस्टेरे सिस्टम्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 55 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 37.36 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 75.55 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर थोड़ी ही देर में उछल कर 78.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 42.72 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। ऑस्टेरे सिस्टम्स का 15.17 करोड़ रुपये का आईपीओ 3 से 9 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था,




जिसके कारण ये ओवरऑल 1,076.99 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 236.50 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 2,149.19 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1,090.81 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 28.30 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.15 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद 2024-25 में कंपनी के शुद्ध लाभ में गिरावट आ गई। इस वर्ष शुद्ध लाभ घट कर 4.01 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 10 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 18.86 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जल्द ही 50 लाख 'रूफटॉप सोलर' सिस्टम लगाए जाएंगे : जोशी

एजेंसी
नई दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देशभर में 20 लाख से ज्यादा घरों में रूफटॉप सोलर प्रणाली (छत पर सौर बिजली परियोजना) लगाई जा चुकी हैं, बहुत जल्द इसमें 30 लाख की संख्या और जुड़ जाएगी। हालांकि, उन्होंने इस योजना के तहत एक करोड़ लाभार्थियों के लिए रूफटॉप सोलर लगाने के लक्ष्य का आधा हिस्सा हासिल करने के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आयोजित नवीकरणीय ऊर्जा पर राज्य समीक्षा बैठक में जोशी ने कहा कि भारत का 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करने का लक्ष्य पहले ही आधे से ज्यादा हासिल हो चुका है। मंत्री ने कहा कि देश ने 251.5 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता को पार कर लिया है। इस उपलब्धि को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण बताया, जिसने भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बदल दिया है, और विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भारत 2028 तक स्वदेशी सौर सेल निर्माण के लक्ष्य के साथ एक संपूर्ण स्वदेशी सौर मूल्य श्रृंखला के निर्माण की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश अब वेफर्स और इनगॉट्स के लिए घरेलू क्षमता विकसित करने के लिए मॉड्यूल से आगे बढ़ रहा है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि संपूर्ण सौर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र भारत में ही स्थापित हो।

## सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड तोड़ तेजी जारी, नए शिखर पर सोना और चांदी

एजेंसी
नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी ने एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया है। 24 कैरेट सोना आज पहली बार उछल कर 1.11 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1.02 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। चांदी की कीमत भी आज 2,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी के साथ मजबूती के नए शिखर पर पहुंच गई है। चांदी की कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,11,280 रुपये से लेकर 1,11,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 1,02,000 रुपये से लेकर 1,02,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,11,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,11,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,11,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,11,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,11,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,02,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,02,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,11,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,02,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,11,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## ग्लोबल मार्केट में उथल-पुथल, डॉलर की तुलना में 34 पैसे की कमजोरी के साथ बंद हुआ रुपया

एजेंसी
नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट में जारी उथल पुथल और स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की बिकवाली का असर आज भारत के मुद्रा बाजार में साफ नजर आया। मुद्रा बाजार में बने नकारात्मक माहौल और मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग बढ़ने के कारण रुपया आज डॉलर की तुलना में कमजोर होकर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा आज डॉलर की तुलना में 34 पैसे फिसल कर 88.45 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुई। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को भारतीय मुद्रा 88.11 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।

रुपये ने आज के कारोबार की शुरुआत भी सांकेतिक गिरावट के साथ ही की थी। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में भारतीय मुद्रा ने आज सुबह डॉलर के मुकाबले सिर्फ 1 पैसे की कमजोरी के साथ 88.12 रुपये के स्तर से कारोबार की शुरुआत की थी। आज का कारोबार शुरू होने के बाद डॉलर की मांग में आई तेजी के कारण रुपया लगातार



फिसलते हुए 88.46 के सबसे निचले स्तर तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद डॉलर की तुलना में रुपये ने 34 पैसे की कमजोरी के साथ 88.45 के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठा पटक की वजह से मुद्रा बाजार के आज के कारोबार में रुपये ने डॉलर के साथ ही ज्यादातर दूसरी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं के मुकाबले भी कमजोर प्रदर्शन किया। आज के कारोबार के बाद ब्रिटिश पौंड (जीबीपी) की तुलना में रुपया 10.51 पैसे की गिरावट के साथ 119.41 (अनंतिम) के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह यूरो की तुलना में रुपया आज 14.91 पैसे की कमजोरी के साथ 103.34 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ।

# मजबूत लिस्टिंग के बाद शर्वया मेटल्स को लगा झटका, बिकवाली के दबाव में लगा लोअर सर्किट

एजेंसी
नई दिल्ली। एल्यूमिनियम प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी शर्वया मेटल्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। हालांकि लिस्टिंग के तुरंत बाद निवेशकों को तब करारा झटका लगा, जब बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण कंपनी के शेयरों में लोअर सर्किट लग गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 196 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 11.73 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 219 रुपये के स्तर पर हुई। मजबूत लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में शुरू हुई बिकवाली के कारण थोड़ी ही देर में कंपनी के शेयर फिसल कर 208.05 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों का मुनाफा घट




कर 6.15 प्रतिशत रह गया। शर्वया मेटल्स का 58.80 करोड़ रुपये का आईपीओ 4 से 9 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 4.83 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 1.28 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 6.09 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 6.31 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 19 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 5 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी सिविल कंस्ट्रक्शन और इलेक्ट्रिफिकेशन करने, मशीनरी की खरीदारी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार-चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 1.95 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 1.54 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। हालांकि 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 12.51 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत फास्ट ट्रैक विलय के दायरे का विस्तार किया

एजेंसी
मुंबई। भारत के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत त्वरित विलय के दायरे का विस्तार किया है, जिससे चुनिंदा कॉर्पोरेट संयोजनों के लिए अनुपालन में उल्लेखनीय रूप से आसानी हुई है। इस कदम का उद्देश्य कॉर्पोरेट पुनर्गठन में तेजी लाना, न्यायिक अड़चनों को दूर करना और विदेशी एवं घरेलू निवेशकों के लिए अधिक विश्वसनीय वातावरण तैयार करना है। कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि एमसीए ने 4 सितंबर, 2025 को सीएए नियमों में संशोधन किया है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 233(1) (i) दो या दो से अधिक छोटी कंपनियों और (ii) होल्डिंग कंपनी और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के बीच विलय/विभाजन की अनुमति देती है। धारा 233 केंद्र सरकार (एमसीए) को नियमों के जरिए ऐसी अतिरिक्त श्रेणियों की कंपनियों को निर्धारित करने का अधिकार देती है जो ऐसी फास्ट ट्रैक प्रक्रिया का लाभ उठा सकती हैं।

मंत्रालय के मुताबिक ये निर्णय बजट भाषण 2025-2026 के पैरा 101 के अनुसरण में ऐसे विलयों के दायरे को और बढ़ाने के संदर्भ में लिया गया है। संबंधित संशोधन अधिसूचना (राजपत्र अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 603 (ई) दिनांक 04 अगस्त, 2025 कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in पर उपलब्ध है। इसकी जानकारी के लिए लिंक: https://www.mca.gov.in/bin/ebook/dms/getdocument?doc=NTYzMDgwMjY®&docCategory=Notifications&type=open पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्टॉक मार्केट में विगोर प्लास्ट की मजबूत एंट्री, फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी
नई दिल्ली। सीपीवीसी और यूपीवीसी प्लंबिंग पाइप और फिटिंग्स बनाने वाली कंपनी विगोर प्लास्ट इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में प्रीमियम एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 81 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 4.94 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 85 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर में तेजी आ गई। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 89 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह से कंपनी के आईपीओ निवेशकों को अभी तक के कारोबार में 9.88 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। विगोर प्लास्ट इंडिया लिमिटेड का 25.10 करोड़ रुपये का




आईपीओ 4 से 9 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 3.88 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 3.94 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 7.03 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.49 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 20.25 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 6 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अहमदाबाद में अपना नया वेयर हाउस बनाने, पुराने कर्ज को चुकाने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 30 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 2.93 करोड़ रुपये के स्तर पर और 2024-25 में उछल कर 5.15 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

# डीएफएस सचिव ने बुनियादी ढांचा क्षेत्र में वित्तपोषण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की

एजेंसी
नई दिल्ली। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों और विकास वित्त संस्थानों की बैठक की अध्यक्षता की। डीएफएस सचिव एम. नागराजू की अध्यक्षता में इस बैठक में वित्तपोषण की उपलब्धता में अंतर, म्यूनिसिपल बांड जारी करने में बाधाएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण को बढ़ाने के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस दौरान बुनियादी ढांचा क्षेत्र में वित्तपोषण से संबंधित मुद्दों पर विभिन्न सिफारिशें प्रस्तुत की गईं। बैठक में इस बात पर सहमति हुई कि राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा एवं विकास वित्तपोषण बैंक सभी




संबंधित हितधारकों से परामर्श करके 15 दिनों के भीतर वित्तीय सेवा विभाग को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। इस बैठक में प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों, विकास वित्तीय संस्थानों और एनबीएफसी-आईएफसी के वरिष्ठ प्रबंधन ने भाग लिया।

## एनएसई ने आईएफएससीए के पूर्व प्रमुख इंजेती श्रीनिवास को चेयरमैन किया नियुक्त

एजेंसी
मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के पूर्व चेयरमैन इंजेती श्रीनिवास को अपना चेयरमैन नियुक्त किया। एनएसई में पिछले दो साल से कोई चेयरमैन नहीं था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने एक बयान में कहा कि एनएसई के बोर्ड और प्रबंधन ने इंजेती श्रीनिवास का एक्सचेंज के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में स्वागत किया। ओडिशा कैडर के 1983 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी श्रीनिवास पिछले सप्ताह एनएसई के बोर्ड में जनहित निदेशक के रूप में शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब शेयर बाजार अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले इंजेती श्रीनिवास कॉरपोरेट मामलों के सचिव के रूप में कार्य किया है। वे आईएफएफएससीए के संस्थापक अध्यक्ष थे। वहां उन्होंने संस्थागत सुधारों, शासन वृद्धि और प्रणालीगत नीति नवाचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 78 हजार करोड़ का फायदा

एजेंसी
नई दिल्ली। दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलने की थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में तेजी आ गई। दिन के पहले सत्र में ज्यादातर समय बिकवाली का दबाव बना रहा, लेकिन दूसरे सत्र में खरीदारों ने अपना दम दिखाया, जिससे बाजार निचले स्तर से रिकवरी करने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।आज दिन भर के कारोबार के दौरान एनर्जी, बैंकिंग और मीडिया सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर, कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ऑटोमोबाइल, आईटी, टेक और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। स्मॉल कैप इंडेक्स ने 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 75 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 457.23 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 456.45 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 78 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,281 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,108 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,012 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 161 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,766 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,360 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,406 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 207.85 अंक की कमजोरी के साथ 81,217.30 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसे ये सूचकांक थोड़ी देर में ही रिकवर करके हरे निशान में 81,583.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लिवाली का ये जोर अधिक देर तक टिक नहीं सका। थोड़ी देर बाद ही बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक एक बार फिर गिर कर लाल निशान में पहुंच गया हालांकि दोपहर 12 बजे के करीब खरीदारों ने दोबारा लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 2:30 बजे के करीब ये सूचकांक 217.07 अंक की मजबूती के साथ 81,642.22 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद आखिरी 1 घंटे के कारोबार में हुई मामूली मुनाफा वसूली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब 85 अंक फिसल कर 123.58 अंक की मजबूती के साथ 81,548.73 अंक के स्तर पर बंद हुआ।